

दैनिक
# कीर्तिप्रभा
खबरों के सच का निर्भीक आइना



■ रीवा ■ भोपाल से एक साथ
वर्ष: 28, अंक: 235 पृष्ठ 12, रीवा
रविवार 17 मई 2026
मूल्य: 3.00 रुपए

## मनी लॉन्ड्रिंग मामले में रॉबर्ट वाड्रा को मिली नियमित जमानत

### एवेन्यू कोर्ट में हुए पेश, कहा- सरकार के इशारे पर काम करती है ईडी



नई दिल्ली, दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने शनिवार को बिजनेसमैन रॉबर्ट वाड्रा को शिकोहपुर जमीन सौदा मामले में प्री-अरेस्ट बेल यानी नियमित जमानत दे दी गई। कोर्ट ने इस मामले में ईडी की चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुए वाड्रा को समन जारी किया था। जमानत देते समय कोर्ट ने कोई अतिरिक्त शर्त नहीं रखी। सुनवाई के दौरान वाड्रा ने कहा कि ईडी सरकार के इशारे पर काम करती है और निष्पक्ष नहीं है, लेकिन मुझे देश की न्यायपालिका पर पूरा यकीन है।

वहीं, ईडी के वकील जोहेब हुसैन ने जांच की विस्तृत रिपोर्ट दाखिल करने के लिए दो सप्ताह का समय मांगा है। उन्होंने कोर्ट को बताया कि एजेंसी अभी भी कुछ पहलुओं की जांच कर रही है और इसके लिए समय की जरूरत है। इस मामले में अगली सुनवाई 10 जुलाई को होगी। ईडी के मुताबिक वाड्रा की कंपनी ने फरवरी 2008 में ओमकारेश्वर प्रॉपर्टीज से 7.5 करोड़ गुरुग्राम के शिकोहपुर में 3.5 एकड़ जमीन खरीदी थी। बाद में इसे डीएलएफ को 58 करोड़ रुपए में बेच दिया गया।

एजेंसी का दावा है कि ये डील मनी लॉन्ड्रिंग का हिस्सा थी। इसको लेकर वित्तीय लेन-देन की जांच शुरू की गई।

## ईंधन के बढ़ते दाम- अब रसोई से लेकर सब कुछ होगा महंगा

### -रसोई का बिगड़ेगा बजट



नई दिल्ली, हाल ही में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में करीब 3 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी ने आम आदमी की जेब पर सीधा असर डाला है। लेकिन विशेषज्ञ चेतावनी दे रहे हैं कि यह सिर्फ शुरुआत है। कच्चे तेल की कीमतों में लगातार उतार-चढ़ाव और बढ़ते लॉजिस्टिक्स खर्चों के कारण अब रोजमर्रा की जरूरत की कई वस्तुओं और सेवाओं के दाम बढ़ने वाले हैं, जिससे घरेलू बजट और किराने का बिल बुरी तरह प्रभावित हो सकता है। विशेषज्ञों और एफएमसीजी (एफएमसीजी) कंपनियों का कहना है कि लॉजिस्टिक्स का खर्च बढ़ने से पैकेटबंद खाद्य उत्पाद सबसे पहले प्रभावित हो सकते हैं। बिस्कुट, स्नैक्स, इंस्टेंट नूडल्स, खाद्य तेल और पेय पदार्थों जैसे उत्पादों के लिए वितरण नेटवर्क पर भारी निर्भरता होती है। इन उत्पादों की परिचालन लागत का 6 से 10 प्रतिशत हिस्सा लॉजिस्टिक्स पर खर्च होता है, इसके बाद डीजल की ऊंची कीमतें सीधे इन उत्पादों की कीमतें बढ़ा देंगी।

दूध और उससे बनने वाले उत्पादों पर भी महंगाई की मार पड़ना तय है। अमूल और मदर डेयरी जैसी कंपनियों ने पहले ही परिवहन और परिचालन खर्चों में बढ़ोतरी का हवाला देकर दूध की कीमतों में लगभग 2 रुपये प्रति लीटर का इजाफा किया है। अब दही, मक्खन, पनीर और आइसक्रीम जैसे उत्पादों के दाम भी बढ़ सकते हैं। भारत की खाद्य आपूर्ति श्रृंखला मुख्य रूप से सड़क परिवहन पर निर्भर करती है। सब्जियों, फलों, अनाज और दालों को एक जगह से दूसरी जगह ले जाने का खर्च बढ़ने से उपभोक्ताओं को अधिक कीमत चुकानी पड़ेगी। इस पूरे संकट में किसानों के लिए भी यह दोहरी मार है, क्योंकि ट्रैक्टर, सिंचाई पंप और कटाई मशीनरी जैसे डीजल-आधारित कृषि उपकरण महंगे हो जाएंगे, जिससे कृषि लागत में वृद्धि होगी और अंततः खाद्य उत्पादों की कीमतें और बढ़ेंगी। शहरी उपभोक्ताओं के लिए ऑनलाइन डिलीवरी और ई-कॉमर्स सेवाएं भी महंगी हो सकती हैं। फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म और कूरियर कंपनियां अपने अंतिम मील की डिलीवरी लागत में वृद्धि का सामना करेंगी, जो डिलीवरी शुल्क में वृद्धि, छूट में कमी या न्यूनतम ऑर्डर मूल्य में बढ़ोतरी के रूप में ग्राहकों तक पहुंचेगी इतना ही नहीं साबुन, शैंपू, डिटर्जेंट और सफाई उत्पादों जैसे व्यक्तिगत और घरेलू देखभाल के सामान भी महंगे हो सकते हैं। परिवहन लागत में वृद्धि के कारण टैक्सी, बस यात्रा और सामान्य कूरियर सेवाओं की लागत भी बढ़ सकती है, जिससे रोजमर्रा की जिंदगी का हर पहलू प्रभावित होगा। कुल मिलाकर, ईंधन की कीमतों में यह बढ़ोतरी केवल पेट्रोल पंप तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हर घर की रसोई से लेकर मासिक किराना बिल और सेवाओं तक को प्रभावित करते हुए महंगाई का एक व्यापक चक्र शुरू कर सकती है, जिसकी चेतावनी विशेषज्ञ लगातार दे रहे हैं।

### एग्जीक्यूटिव इंजीनियर के ठिकानों से 50 लाख मिले

पटन बिहार में ग्रामीण कार्य विभाग के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर के घर शनिवार को आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने छापेमारी की है। पटना और जमुई के 4 ठिकानों पर ये छापेमारी चल रही है। पटना में जगत विला अपार्टमेंट मे फ्लैट नंबर एफ-2 से 40 लाख रुपए कैश मिले हैं। ये कैश डिजिटल लॉकर में रखे गए थे। लाखों के गहने भी बरामद हुए हैं। उनके आंकलन के लिए एक्सपर्ट को बुलाया गया है। सुबह करीब साढ़े 8 बजे ईओयू के अधिकारी यहा कार्रवाई के लिए पहुंचे थे।

### कई बैंकों की पासबुक और जमीन से जुड़े कागजात भी टीम को मिले हैं।

नई दिल्ली नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) ने 18 मई से इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के लिए पार्किंग शुल्क में 50 प्रतिशत छूट देने का ऐलान किया है। एनडीएमसी के वाइस चेयरमैन कुलजीत सिंह चहल ने कहा कि यह कदम ग्रीन मोबिलिटी और ईंधन बचत को बढ़ावा देने के लिए उठाया गया है। यह सुविधा एनडीएमसी के सभी पार्किंग स्थलों पर लागू होगी।

### महंगाई के खिलाफ कांग्रेस की बैलगाड़ी यात्रा- केंद्र सरकार पर साधा निशाना

नई दिल्ली,(ईएमएस)। राजधानी दिल्ली में बढ़ती महंगाई के विरोध में कांग्रेस ने केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेस पार्टी नेताओं ने प्रतीकात्मक बैलगाड़ी यात्रा निकालकर पेट्रोल, डीजल, दूध, सब्जियों और अन्य आवश्यक वस्तुओं की लगातार बढ़ती कीमतों पर अपनी नाराजगी जाहिर की है। इस दौरान सरकार पर आम जनता की अनदेखी करने का आरोप लगाया। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देविंदर यादव के नेतृत्व में आयोजित प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और नेता शामिल हुए।

### होर्मुज पर ईरान का कमिटमेंट- भारत को मिला सुरक्षा का आश्वासन

नई दिल्ली होर्मुज जलडमरूमध्य मे बढ़ती अस्थिरता और भारतीय जहाज पर हालिया हमले के बाद, ईरान ने भारत को व्यापारिक जहाजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आश्वासन दे दिया है। यह कदम नई दिल्ली के लिए राहत लेकर आया है। नई दिली मे ब्रिक्स विदेश मंत्रियों की बैठक के दौरान ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मुलाकात कर क्षेत्रीय स्थिति और होर्मुज की सुरक्षा पर चर्चा की। विदेश मंत्री अराघची ने कहा कि ईरान हमेशा होर्मुज की सुरक्षा के संरक्षक की अपनी ऐतिहासिक जिम्मेदारी निभाता रहेगा और अपने मित्र देशों के लिए भरोसेमंद साझेदार है।

## उत्तर भारत में हाहाकार मचाएगी भीषण लू



### समय से पहले आ रहा मॉनसून!

नई दिल्लीदेश के विभिन्न हिस्सों में इस समय मौसम के कई अलग-अलग और विपरीत रूप देखने को मिल रहे हैं। जहां एक तरफ उत्तर और मध्य भारत झुलसाने वाली भीषण लू (हीटवेव) की चपेट में आने की कगार पर है, वहीं दूसरी तरफ दक्षिण और पूर्वोत्तर राज्यों में मूसलाधार बारिश का दौर जारी है। इस बीच, भीषण गर्मी से परेशान लोगों के लिए एक राहत भरी खबर भी सामने आई है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के इस बार तय समय से लगभग एक सप्ताह पहले यानी 26 मई तक केरल तट पर दस्तक देने की प्रबल संभावना है, जबकि इसकी सामान्य तिथि 1 जून होती है।

वर्तमान में उत्तर प्रदेश मौसम की सबसे गंभीर और दोहरी मार झेल रहा है। राज्य में हाल ही में आए विनाशकारी आंधी-तूफान के कारण भारी तबाही हुई है और 100 से अधिक लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। मौसम विभाग ने आगरा, मथुरा, कानपुर, वाराणसी, मिर्जापुर, बलिया और बरेली सहित समूचे पश्चिमी यूपी बेल्ट में फिर से बारिश और 65 किमी/घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की चेतावनी जारी की है। इस आंधी-पानी के बीच राजधानी लखनऊ सहित कई इलाकों में पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया है। आने वाले दिनों में राहत की उम्मीद बेहद कम है, क्योंकि राज्य में 16 से 21 मई के बीच भीषण लू का अलर्ट जारी किया गया है, खासकर 18 और 19 मई को गंभीर लू चलने की आशंका है।दूसरी तरफ, उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत के कई राज्यों में अगले कुछ दिनों में तापमान में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस की और बढ़ोतरी होने का अनुमान है। दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में 17 से 21 मई के बीच गंभीर हीटवेव की चेतावनी जारी की गई है। दिल्ली में अधिकतम तापमान 40 से 42 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। हालांकि, आज शाम राजधानी में आंशिक रूप से बादल छाए रहने की उम्मीद है, लेकिन यह गर्मी से राहत देने के लिए नाकाफी होगा। राजस्थान, मध्य प्रदेश और विदर्भ में भी पारा सामान्य से 5 डिग्री सेल्सियस ऊपर बना हुआ है। पश्चिमी राजस्थान में जहां भीषण लू का प्रकोप रहेगा, वहीं पूर्वी हिस्से के अलवर, जोधपुर और अजमेर जैसे जिलों में धूल भरी आंधी और बारिश का अलर्ट है। छत्तीसगढ़ और झारखंड में भी गर्म हवाएं चलने की आशंका है।

इसके विपरीत, देश के पूर्वी, पूर्वोत्तर और दक्षिणी हिस्सों में प्री-मॉनसून गतिविधियों के कारण मौसम मेहरबान है। असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश और नागालैंड सहित पूरे पूर्वोत्तर में अगले एक सप्ताह तक भारी से बहुत भारी बारिश होने का अनुमान है।

## अब अस्पताल की तरह 24 घंटे काम करेगी न्यायपालिकाज

### -सीजेआई सूर्यकांत का बड़ा बयान



जबलपुर,मध्यप्रदेश के जबलपुर स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस कल्चर एंड इंफॉर्मेशन सेंटर में शनिवार को आयोजित च्चेंगमेंटेशन ऑफ फ्यूजनरू एम्पावरिंग जस्टिस वाया यूनाइटेड डिजिटल प्लेटफॉर्म इंटीग्रेशनज् कार्यक्रम में भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने न्यायपालिका को 24 घंटे सक्रिय और तकनीक आधारित बनाने की जरूरत पर जोर दिया।कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल सहित न्यायपालिका और प्रशासनिक क्षेत्र की कई प्रमुख हस्तियां मौजूद रहीं। सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि जैसे अस्पतालों में मरीजों की पूरी मेडिकल हिस्ट्री एक स्क्रीन पर उपलब्ध रहती है, उसी तरह न्याय व्यवस्था को भी तकनीक के जरिए पूरी तरह एकीकृत किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, च्अब समय आ गया है कि हमारी न्यायपालिका भी अस्पतालों की तरह 24द्ध7 काम करे।ज् उन्होंने नर्मदा नदी का उल्लेख करते हुए कहा कि छोटी-छोटी धाराओं और झरनों के मिलकर विशाल मां नर्मदा का स्वरूप लेने जैसा ही अनुभव न्यायिक प्रणाली में तकनीकी एकीकरण से हो रहा है। उन्होंने कहा कि अब कोर्ट, पुलिस, जेल, फॉरेंसिक और मेडिको-लीगल सिस्टम एक साथ समन्वित होकर काम करने में सक्षम हो रहे हैं।

## जो लोग पार्टी छोड़ना चाहते हैं वे ऐसा करने के लिए स्वतंत्र हैं



### हार के बाद ममता ने बैठक में कहा- मैं नए सिरे से खड़ी करूंगी पार्टी

कोलकाता, तृणमूल कांग्रेस की हार के बाद पार्टी सुप्रीमो ममता बनर्जी ने हाल के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाग लेने वाले अपने उम्मीदवारों से पार्टी संगठन को फिर से खड़ा करने का आह्वान किया है उन्होंने कहा कि जो लोग पार्टी छोड़ना चाहते हैं वे ऐसा करने के लिए स्वतंत्र हैं। यहां कालीघाट में अपने घर पर तृणमूल उम्मीदवारों के साथ हुई बैठक में उन्होंने कहा कि हाल के विधानसभा चुनाव में करारी हार के बावजूद पार्टी संगठन फिर से उठ खड़ा होगा। इस बैठक में पार्टी महासचिव अभिषेक बनर्जी भी मौजूद थे। पार्टी सूत्रों के मुताबिक ममता बनर्जी ने कहा कि जो लोग दूसरी पार्टियो में जा रहे हैं, उन्हें जाने दीजिए। मैं पार्टी को नए सिरे से खड़ा करूंगी। जो लोग पार्टी में बने रहेंगे, उनसे मैं कहती हूं कि क्षतिग्रस्त पार्टी कार्यालयों को फिर से तैयार कीजिए, उन्हें रंगिए और फिर से खोलिए। जरूरत पड़ने पर मैं भी उन्हें रंग दूंगी। टीएमसी कभी नहीं झुकेगी। जनादेश लूटा गया है। चुनावी नतीजों में नाटकीय उलटफेर के बाद टीएमसी के सत्ता गंवाने के कुछ दिनों बाद ममता बनर्जी की ये टिप्पणियां सामने आईं।

पार्टी ने लिखा कि आज, हमारी अध्यक्ष ममता बनर्जी और हमारे राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने कालीघाट में हमारे उम्मीदवारों से मुलाकात की। उन्होंने अकल्पनीय अत्याचारों और निरंतर धमकियों का सामना करते हुए भी अद्वितीय साहस के साथ चुनाव लड़ा। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों ने बताया कि बनर्जी ने इस बैठक का इस्तेमाल चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों का मनोबल बढ़ाने के लिए किया। पश्चिम बंगाल में सत्ता गंवा चुकी टीएमसी ने वफादारी और राजनीतिक ताकत के महत्व देने का संदेश देते हुए पार्टी सुप्रीमो ममता बनर्जी ने गुरुवार को काकोली घोष दस्तीदार को हटाकर कल्याण बनर्जी को लोकसभा में दल का मुख्य व्हिप नियुक्त किया।

## होर्मुज का टंटा खत्म! यूएई और ओमान देंगे भारत को तेल

### अब एलपीजीए पेट्रोल और डीजल की नहीं होगी किल्लत



नई दिल्ली ईरान युद्ध के कारण इस समय न केवल पश्चिम एशिया बल्कि पूरी दुनिया में संकट की स्थिति पैदा हो गई है। अमेरिका और इजरायल की ओर से ईरान पर किए गए हमलों के बाद एनर्जी कॉरिडोर के नाम से विख्यात होर्मुज जलडमरूमध्य ;स्ट्रेट ऑफ होर्मुजद्ध से तेल और गैस ले जाने वाले जहाजों की आवाजाही बुरी तरह प्रभावित हुई है। इससे भारत सहित कई प्रमुख देशों में ईंधन की आपूर्ति पर सीधा असर पड़ा है। इस ऊर्जा संकट से निपटने के लिए भारत ने होर्मुज स्ट्रेट पर अपनी निर्भरता कम करने के प्रयास तेज कर दिए हैं। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हालिया यूएई दौरे के दौरान देश की ऊर्जा सुरक्षा को लेकर एक ऐतिहासिक करार हुआ है।

अब खाड़ी क्षेत्र में बढ़ते तनाव को देखते हुए भारत ने ओमान से सीधे गहरे समुद्र के रास्ते गैस पाइपलाइन बिछाने की महत्वाकांक्षी योजना पर भी काम तेज कर दिया है। करीब 40ए000 करोड़ रुपये की लागत वाली इस डीप.सी गैस पाइपलाइन परियोजना के जरिए ओमान से सीधे भारत तक गैस लाई जाएगी। सरकार जल्द ही सार्वजनिक क्षेत्र की दिग्गज कंपनियों जैसे गेलए इंजीनियर्स इंडिया और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन को इस प्रोजेक्ट की विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश दे सकती है। इस परियोजना को पूरा होने में पांच से सात साल का समय लग सकता है। इन दोनों बड़ी योजनाओं पर अमल होने से भारत में तेल और रसोई गैस की किल्लत हमेशा के लिए खत्म हो जाएगी और वैश्विक कीमतों में उतार.चढ़ाव का देश पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

इस नए समझौते के तहत संयुक्त अरब अमीरात ;यूएईद्ध की सरकारी तेल कंपनी अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी भारत में अपने कच्चे तेल के भंडारण को बढ़ाकर 30 मिलियन बैरल करेगी। यह भारत का एक महत्वपूर्ण सामरिक पेट्रोलियम भंडार ;स्ट्रैटजिक रिजर्वद्ध होगा। वर्तमान में भारत के पास विशाखापत्तनमए मंगलूरू और पादुर में कुल 5ण्3 मिलियन टन का रणनीतिक भंडार है। यूएई के इस कदम से भारत के रिजर्व में चार मिलियन टन से अधिक अतिरिक्त कच्चा तेल जुड़ जाएगाए जो संकट के समय देश के बेहद काम आएगा।

## महंगाई के खिलाफ कांग्रेस की बैलगाड़ी यात्रा- केंद्र सरकार पर साधा निशाना



नई दिल्ली, राजधानी दिल्ली में बढ़ती महंगाई के विरोध में कांग्रेस ने केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेस पार्टी नेताओं ने प्रतीकात्मक बैलगाड़ी यात्रा निकालकर पेट्रोल, डीजल, दूध, सब्जियों और अन्य आवश्यक वस्तुओं की लगातार बढ़ती कीमतों पर अपनी नाराजगी जाहिर की है। इस दौरान सरकार पर आम जनता की अनदेखी करने का आरोप लगाया। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देविंदर यादव के नेतृत्व में आयोजित प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और नेता शामिल हुए। उन्होंने पारंपरिक बैलगाड़ी पर सवार होकर केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर कहा कि बेलगाम महंगाई ने आम लोगों का जीवन दूभर किया है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पेट्रोल-डीजल की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी का सीधा असर रोजमर्रा की जरूरतों पर पड़ रहा है। दूध, सब्जियां, रसोई गैस और अन्य घरेलू सामानों के दाम आसमान छू रहे हैं, जिससे मध्यम वर्ग और गरीब परिवार सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। कांग्रेस पार्टी ने आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार के कार्यकाल में महंगाई दोगुनी हो गई है और केंद्र सरकार नागरिकों को राहत देने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने बताया कि बैलगाड़ी यात्रा प्रतीकात्मक रूप से यह दर्शाने के लिए निकाली गई है कि महंगाई और ईंधन की ऊंची कीमतें लोगों को आधुनिक परिवहन से भी दूर कर रही हैं। नेताओं का दावा था कि सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण आम आदमी की आय और खर्च के बीच का संतुलन बुरी तरह बिगड़ गया है। इस प्रदर्शन में कई ऑटो चालकों, डिलीवरी बॉय और मध्यम वर्ग से जुड़े लोगों ने भी अपनी आपबीती सुनाकर नाराजगी जाहिर की। उनका कहना था कि पेट्रोल, डीजल और सीएनजी के दाम बढ़ने से उनकी रोजमर्रा की कमाई प्रभावित हो रही है, वहीं घरेलू बजट पर भी महंगाई का भारी दबाव पड़ रहा है। कांग्रेस ने केंद्र सरकार से मांग की कि वह पेट्रोल-डीजल पर लगने वाले टैक्स में कटौती करे, रसोई गैस की कीमतों में राहत दे और आवश्यक वस्तुओं के दामों को नियंत्रित करने के लिए तत्काल कदम उठाए। पार्टी नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि महंगाई पर जल्द नियंत्रण नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में विरोध प्रदर्शनों का सिलसिला और तेज किया जाएगा।

## यूपी में दो अलग-अलग मुठभेड़ में तीन बदमाश गिरफ्तार, हथियार-नकदी बरामद

### देर रात गाड़ियों की चेकिंग के दौरान पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़

लखनऊ, यूपी के एटा और बुलंदशहर में हुए एनकाउंटर में पुलिस ने तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से अवैध हथियार बरामद हुए हैं। एटा में जैथरा इलाके के धौली रोड पर देर रात गाड़ियों की चेकिंग के दौरान पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई। अपराधियों ने भागने की कोशिश करते फायरिंग की। पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक बदमाश घायल हो गया, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया है।

पुलिस ने मौके से अवैध हथियार, नकदी और एक बाइक बरामद की है। ये दोनों आरोपी जिले में छिनैती और लूटपाट के मामलों से जुड़े हुए हैं। सीओ राजेश कुमार सिंह ने बताया कि 15 मई को जैथरा इलाके में गाड़ियों की चेकिंग की जा रही थी...चेकिंग के दौरान दो बाइक सवार पुलिस टीम की तरफ आते हुए दिखाई दिए। उन्हें रुकने का इशारा किया लेकिन उन्होंने अपनी गाड़ी की रफ्तार बढ़ा दी।

## सेडान होंडा सिटी का फेसलिफ्ट मॉडल होगा 22 को पेश

नई दिल्ली । होंडा की अपने लोकप्रिय सेडान होंडा सिटी का फेसलिफ्ट मॉडल 22 मई को लॉन्च करने की तैयारी है। इस औपचारिक लॉन्च से पहले ही कार की तस्वीरें ऑनलाइन लीक हो गई है। तस्वीरों में होंडा सिटी का नया और ताज़ा फ्रंट डिजाइन स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है, जिसमें शार्प एलईडी हेडलाइट्स, एक पुनः डिज़ाइन की गई ग्रिल, अपडेटेड बंपर और नए आकर्षक अलॉय व्हील्स शामिल हैं, जो कार को एक अधिक आधुनिक और स्पोर्टी लुक प्रदान करते हैं। यह बदलाव सिटी को अपने प्रतिस्पर्धियों के सामने और भी आकर्षक बना देगा। कार के इंटीरियर में भी बड़े बदलावों की उम्मीद है।

## जैन इरिगेशन को 19 करोड़ रुपए का घाटा

नई दिल्ली। जैन इरिगेशन सिस्टम्स को वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में 19 करोड़ रुपये का घाटा हुआ है। मुख्य रूप से अधिक खर्च के कारण कंपनी का घाटा बढ़ा है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि एक साल पहले इसी तिमाही में उसे 27.86 करोड़ रुपये का लाभ हुआ था। कुल आय मार्च तिमाही में बढ़कर 1,824.63 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले 2024-25 की इसी तिमाही में 1,750.15 करोड़ रुपये थी। हालांकि इस दौरान खर्च बढ़कर 1,774.91 करोड़ रुपये हो गया जो एक साल पहले इसी तिमाही में 1,703.71 करोड़ रुपये था।

## पेट्रोल और डीजल के भाव बढ़ने से व्यापारिक संगठन चिंतित

नई दिल्ली। देश में पेट्रोल और डीजल की हालिया मूल्य वृद्धि ने व्यापारिक संगठनों को चिंतित कर दिया है। चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (सीटीआई) ने चेतावनी दी है कि इसका असर पूरे व्यापारिक ढांचे पर पड़ेगा, जिससे महंगाई बढ़ेगी और उपभोक्ताओं की क्रय शक्ति प्रभावित होगी। सीटीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार ट्रांसपोर्ट सेक्टर पर सबसे बड़ा असर पड़ेगा, जहां ट्रकों का दैनिक डीजल खर्च 250-300 रुपए तक बढ़ जाएगा। इससे माल ढुलाई की लागत बढ़ेगी और लॉजिस्टिक्स महंगे होंगे। दिल्ली के थोक बाजारों में बाहर से आने वाले सामान का भाड़ा 3 से 5 प्रतिशत तक बढ़ सकता है।

## सेल का चौथी तिमाही में मुनाफा बढ़कर 1,680 करोड़ पर

नई दिल्ली । वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में सार्वजनिक क्षेत्र की इस्पात कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) का एकल आधार पर मुनाफा 42 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 1,680 करोड़ रुपये रहा।सेल एक बयान में कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में कंपनी ने 1,178 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया था। चौथी तिमाही में कंपनी की परिचालन आय बढ़कर 30,813 करोड़ रुपये रही।

## बाजार में तूफान- पीएम मोदी की किफायत अपील और वैश्विक तनाव ने

# भारतीय शेयर बाजार को हिलाया

### - शुरुआती भारी गिरावट के बाद शेयर बाजार में दिखी मामूली रिकवरी, रुपया भी रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंचा



मुंबई। बीता हफ्ता भारतीय शेयर बाजार के लिए बेहद उथल-पुथल भरा रहा, जो निवेशकों के धैर्य की कड़ी परीक्षा लेता दिखा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की देश के लोगों से किफायत बरतने की अपील के बाद बाजार में भूचाल आ गया, जिससे शुरुआती कारोबारी दिनों में प्रमुख सूचकांकों में भारी गिरावट दर्ज की गई। पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव और विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार बिकवाली ने इस गिरावट को और गहरा कर दिया। डॉलर के मुकाबले रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया, जो देश की आर्थिक चिंताओं को बढ़ा रहा था।

हालांकि, हफ्ते के मध्य से बाजार में कुछ रिकवरी देखने को मिली, लेकिन शुक्रवार को हुई आखिरी सत्र की बिकवाली ने हफ्ते भर की बढ़त को आंशिक रूप से समाप्त कर दिया, जिससे बाजार का सफर एक रोलरकोस्टर राइड जैसा महसूस हुआ। पीएम की अपील और बाजार में बड़ी गिरावट- पीएम की अपील और बाजार में बड़ी गिरावट हफ्ते की शुरुआत ही झटके के साथ हुई। प्रधानमंत्री मोदी की देशवासियों से किफायत बरतने की अपील का सीधा असर घरेलू शेयर बाजार पर दिखा। सोमवार को शुरुआती कारोबार में ही सेंसेक्स करीब 900 अंक तक टूट गया, वहीं निफ्टी भी 23950 के नीचे आ गया। दिनभर चली बिकवाली के कारण प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स 1,312.91 अंक गिरकर 76,015.28 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 360.30 अंक लुढ़ककर 23,815.85 पर आ गया।

भू-राजनीतिक तनाव और रिकॉर्ड गिरावट- भू-राजनीतिक तनाव और रिकॉर्ड गिरावट सोमवार की गिरावट का सिलसिला मंगलवार को भी जारी रहा और बाजार पर दबाव और बढ़ गया। पश्चिम एशिया में जारी तनाव, अमेरिका और ईरान के बीच चल रही बातचीत को लेकर अनिश्चितता और विदेशी निवेशकों की लगातार चौथे कारोबारी सत्र में बिकवाली ने बाजार को और नीचे धकेल दिया। शुरुआती कारोबार में ही सेंसेक्स 525.44 अंक और निफ्टी 164.5 अंक नीचे आ गया। दिन के अंत में सेंसेक्स 1,456.04 अंक की बड़ी गिरावट के साथ 74,559.24 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 436.30 अंक टूटकर 23,379.55 पर आ गया। गिरावट पर लगाम, बाजार में स्थिरता- दो दिनों की भारी बिकवाली के बाद बुधवार को बाजार में कुछ स्थिरता देखने को मिली। शुरुआती कारोबार में मामूली बढ़त के बाद, हालांकि सूचकांक नकारात्मक दायरे में फिसल गए, लेकिन दिन के अंत में बिकवाली पर लगाम लगी। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 49.74 अंक बढ़कर 74,608.98 पर बंद हुआ। पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी 33.05 अंक बढ़कर 23,412.60 पर समाप्त हुआ।

# वैश्विक तेल उछला, रूस-वेनेजुएला को मिली आर्थिक संजीवनी

### - ब्रेंट क्रूड 120 डॉलर के पार, पश्चिमी प्रतिबंधों के बावजूद रूस का निर्यात बढ़ा



नई दिल्ली। ईरान में जारी युद्ध के कारण पिछले दो महीनों से दुनिया भर की अर्थव्यवस्थाएं भारी दबाव में हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में जबरदस्त उछाल से पेट्रोल-डीजल सहित परिवहन और खाद्य पदार्थों की कीमतें आसमान छू रही हैं, जिससे वैश्विक महंगाई बढ़ रही है। इस संकटपूर्ण माहौल के बावजूद, रूस और वेनेजुएला जैसे दो प्रमुख तेल उत्पादक देशों ने अप्रत्याशित रूप से अपनी अर्थव्यवस्थाओं को मजबूत किया है। मध्य पूर्व में तनाव बढ़ने के बाद ब्रेंट क्रूड की कीमतें 72 डॉलर से बढ़कर 120 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई।

इस तेजी का सबसे बड़ा फायदा रूस को हुआ, जिसने पश्चिमी प्रतिबंधों के बावजूद अपने उरल्स कच्चे तेल की कीमतों और निर्यात राजस्व में भारी वृद्धि देखी। मार्च 2026 में उसका तेल निर्यात करीब 19 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जिससे यूक्रेन युद्ध के चलते आए आर्थिक दबावों से निपटने में मदद मिली।

रूस भारत और चीन जैसे देशों को पुराने टैंकरों (शैडो फ्लीट) के जरिए बड़े पैमाने पर तेल भेज रहा है, पहले छूट पर और अब ऊंची कीमतों पर। दूसरी ओर वेनेजुएला ने भी इस संकट का लाभ उठाया है। दुनिया के सबसे बड़े तेल भंडार वाले इस देश का उत्पादन अमेरिकी प्रतिबंधों और खराब प्रबंधन के कारण लंबे समय से गिर रहा था। लेकिन ईरान संकट के बाद अमेरिका ने तेल आपूर्ति बनाए रखने के लिए वेनेजुएला पर लगे कुछ प्रतिबंधों में ढील दी। अमेरिकी कंपनी शेवरॉन को उत्पादन की अनुमति मिलने के बाद वेनेजुएला का तेल उत्पादन अब 9 लाख बैरल प्रतिदिन तक पहुंच गया है, जिससे उसकी अर्थव्यवस्था को नई जान मिली है। विशेषज्ञों का मानना है कि ऊंची तेल कीमतें जहां इन दो देशों को राहत दे रही हैं, वहीं तेल आयात करने वाले देशों में महंगाई और आर्थिक दबाव तेजी से बढ़ रहा है, जबकि पारंपरिक उत्पादक पूरी तरह फायदा नहीं उठा पा रहे।

# नई सेल्टॉस को लेकर ग्राहकों के बीच चर्चा तेज



नई दिल्ली। किआ कंपनी की नई सेल्टॉस को लेकर ग्राहकों के बीच पहले से ही काफी उत्साह है। अब हाइब्रिड वर्जन की खबर ने इसकी चर्चा और बढ़ा दी है। हाल ही में इस एसयूवी का फुली कैमोफ्लाज्ड मॉडल टेस्टिंग के दौरान सड़कों पर देखा गया, जिसके बाद माना जा रहा है कि कंपनी जल्द ही इसका आधिकारिक खुलासा कर सकती है।

रिपोर्ट्स के अनुसार नई सेल्टॉस हाइब्रिड में डिजाइन के स्तर पर ज्यादा बदलाव नहीं किए जाएंगे। स्पाई तस्वीरों में इसमें फेसलिफ्टेड मॉडल जैसी कनेक्टेड एलईडी टेललाइट्स दिखाई दी हैं। इसके अलावा फ्लश टाइप डोर हैंडल और नए अलॉय व्हील्स भी देखने को मिले हैं। इससे संकेत मिलता है कि कंपनी मुख्य बदलाव इंजन और मैकेनिकल सेटअप में करने जा रही है। माना जा रहा है कि कंपनी इसमें नया 1.5 लीटर नैचुरली एस्पिरेटेड पेट्रोल इंजन दे सकती है, जो एटकिंसन-साइकिल तकनीक पर आधारित होगा। इसके साथ एक इलेक्ट्रिक मोटर और छोटी बैटरी पैक भी जोड़ी जाएगी। यह हाइब्रिड सेटअप करीब 155 बीएचपी की ताकत और 265 एनएम टॉर्क जनरेट कर सकता है। यह पावर मौजूदा टर्बो पेट्रोल इंजन के लगभग बराबर मानी जा रही है।

कंपनी नई सेल्टॉस के साथ दो नए टॉप-एंड ट्रिम भी लाने की तैयारी में है। इनमें जीटीएक्स प्लस और एक्स-लाइन (ओ) शामिल होंगे। इन वेरिएंट्स में ज्यादा प्रीमियम फीचर्स और बेहतर टेक्नोलॉजी मिलने की उम्मीद है। बेहतर माइलेज, दमदार परफॉर्मेंस और आधुनिक फीचर्स के चलते यह एसयूवी लॉन्च के बाद मिड-साइज एसयूवी सेगमेंट में बड़ा मुकाबला पैदा कर सकती है। किआ इंडिया अपनी एसयूवी लाइनअप को लगातार मजबूत कर रही है और सेल्टॉस का हाइब्रिड वर्जन इसी रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है।

# बर्जर पेंट्स ने बाजार में भरा रंग, शेयर 11 फीसदी उछले, ब्रोकरेज भी उत्साहित

### - मार्च तिमाही के दमदार नतीजों और वित्त वर्ष 27 की मजबूत संभावनाओं से निवेशकों में जोश




नई दिल्ली। देश की दूसरी सबसे बड़ी पेंट कंपनी बर्जर पेंट्स के शेयरों ने इस हफ्ते शानदार प्रदर्शन किया है। मार्च तिमाही के मजबूत नतीजों और वित्त वर्ष 2027 के लिए उज्ज्वल संभावनाओं के चलते कंपनी के शेयर करीब 11 फीसदी तक उछल गए हैं। ज्यादातर ब्रोकरेज फर्मों ने कंपनी की भविष्य की संभावनाओं को लेकर सकारात्मक राय व्यक्त की है, जिससे निवेशकों का भरोसा बढ़ा है। दमदार तिमाही प्रदर्शन और वृद्धि के प्रमुख कारक- बर्जर पेंट्स ने मार्च तिमाही में बिक्री में 6 फीसदी की शानदार बढ़त हासिल की, जो पिछले 12 तिमाहियों में कारोबार वृद्धि का सबसे ऊंचा स्तर है। कंपनी की एकल बिक्री में सालाना आधार पर 11.8 फीसदी की प्रभावशाली वृद्धि दर्ज की गई। इस प्रदर्शन में कीमतों में वृद्धि से पहले चैनल द्वारा किए गए स्टॉक और बाजार में मांग में सुधार का अहम योगदान रहा। प्रीमियम इमल्शन उत्पादों की बढ़ती लोकप्रियता, बेहतर उत्पाद मिश्रण और चौथी तिमाही के अंत में की गई कीमतों में वृद्धि ने भी बिक्री मूल्य को 6.7 फीसदी ऊपर ले जाने में मदद की। इक्विरस सिक्योरिटीज जैसे विश्लेषक उम्मीद कर रहे हैं कि भले ही चैनल में स्टॉक जमा होने के कारण चौथी तिमाही के ऊंचे वृद्धि स्तरों से कुछ सामान्यीकरण हो, लेकिन भविष्य में वैल्यू ग्रोथ, वॉल्यूम ग्रोथ से आगे निकल जाएगी। ब्रोकरेज फर्मों ने वित्त वर्ष 2027 के लिए 9-10त्न राजस्व वृद्धि का अनुमान लगाया है। बर्जर को पश्चिम बंगाल जैसे प्रमुख बाजारों में औद्योगिक गतिविधियों और पूंजीगत खर्च में वृद्धि से लाभ मिलने की उम्मीद है, साथ ही मझोले और छोटे शहरों के साथ-साथ ग्रामीण बाजारों में इसकी मजबूत उपस्थिति भी वृद्धि को बढ़ावा देगी। कंपनी वितरण नेटवर्क में दोहरे अंक में विस्तार और शहरी बाजारों में तेजी से वृद्धि पर भी ध्यान केंद्रित कर रही है। कंपनी के लिए एक और अहम सकारात्मक पहलू प्रतिस्पर्धा में कमी आना है। बर्जर ने बताया है कि बिड़ला ओपस जैसे प्रतिस्पर्धियों द्वारा कीमतों में अधिक वृद्धि करने और छूट/डीलर मार्जिन कम करने से मुकाबले की तीव्रता घटी है। इससे बर्जर को अपनी बाजार स्थिति मजबूत करने में मदद मिली है।

# टाटा सिएरा ईवी को जल्द लॉन्च करने की तैयारी



नई दिल्ली । भारतीय बाजार में टाटा मोटर्स अपनी इलेक्ट्रिक एसयूवी टाटा सिएरा को जल्द लॉन्च करने की तैयारी कर रही है। ग्राहकों के बीच इसे लेकर काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। जानकारी के मुताबिक यह एसयूवी जून 2026 के आखिर तक बिक्री के लिए उपलब्ध हो सकती है। नई सिएरा ईवी को कंपनी अपने एक्टिव.ईवी+ स्केटबोर्ड प्लेटफॉर्म पर तैयार कर रही है।

यह मॉड्यूलर प्लेटफॉर्म इलेक्ट्रिक और इंटरनल कंबशन इंजन दोनों तकनीकों को सपोर्ट करता है। डिजाइन की बात करें तो इसमें बंद फ्रंट ग्रिल, स्प्लिट हेडलाइट्स, एलईडी डीआरएल, फ्लश डोर हैंडल और कनेक्टेड एलईडी लाइट बार जैसे आधुनिक फीचर्स देखने को मिलेंगे। रिपोर्ट्स के अनुसार कंपनी इसे 55 केडब्ल्यूएच और 65 केडब्ल्यूएच बैटरी पैक विकल्पों के साथ पेश कर सकती है। बड़ी बैटरी वाला मॉडल एक बार चार्ज करने पर 500 किलोमीटर से ज्यादा की ड्राइविंग रेंज देने में सक्षम होगा। इसके अलावा सभी वेरिएंट में फास्ट चार्जिंग सपोर्ट मिलने की उम्मीद है।

इंटीरियर में सिएरा ईवी को बेहद प्रीमियम बनाया गया है। इसमें 12.3 इंच का डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, 12.3 इंच का टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम और पैसेंजर के लिए अलग डिस्प्ले दिया जा सकता है। इसके अलावा लेवल-2 एडीएएस, 360 डिग्री कैमरा, पैनोरमिक ग्लास रूफ, पावर्ड सीट्स और एंबिएंट लाइटिंग जैसे फीचर्स भी मिल सकते हैं। कंपनी इस इलेक्ट्रिक एसयूवी की शुरुआती कीमत करीब 18.5 लाख रुपये रख सकती है।

# कई नई बाइक लॉन्च करने की योजना बना रही रॉयल एनफील्ड



नई दिल्ली। बाइक निर्माता रॉयल एनफील्ड कंपनी 650 सीसी और 750 सीसी प्लेटफॉर्म पर कई नई मोटरसाइकिलें लॉन्च करने की योजना बना रही है। रॉयल एनफील्ड अब इलेक्ट्रिक बाइक सेगमेंट में भी तेजी से कदम बढ़ा रही है। कंपनी सबसे पहले नए 750 सीसी प्लेटफॉर्म पर आधारित हिमालयन 750 लॉन्च कर सकती है।

इसके अलावा बड़ी कॉन्टिनेंटल जीटी पर भी काम चल रहा है। हालांकि मौजूदा 650 सीसी कॉन्टिनेंटल जीटी की बिक्री जारी रहेगी। नया प्लेटफॉर्म कंपनी की सबसे प्रीमियम और पावरफुल मोटरसाइकिल लाइनअप माना जा रहा है। वहीं क्लासिक लुक पसंद करने वाले ग्राहकों के लिए बुलेट 650 भी जल्द बाजार में दस्तक दे सकती है। इसमें 648 सीसी इंजन मिलेगा, जो लगभग 47 बीएचपी की ताकत देगा। बाइक में 6-स्पीड गियरबॉक्स और स्लिपर क्लच जैसे आधुनिक फीचर्स भी होंगे। एडवेंचर बाइक पसंद करने वालों के लिए कंपनी हिमालयन 440 भी लाने की तैयारी कर रही है।

इसे अपेक्षाकृत किफायती कीमत पर पेश किया जा सकता है, ताकि ज्यादा ग्राहक एडवेंचर बाइकिंग का अनुभव ले सकें। रॉयल एनफील्ड इलेक्ट्रिक सेगमेंट में भी बड़ा दांव खेलने जा रही है। कंपनी 'फ्लाइंग फ्ली सी6' के बाद अब नई इलेक्ट्रिक स्क्रैम्बलर बाइक एस6 लाने की तैयारी में है। इसके अलावा इलेक्ट्रिक हिमालयन पर भी तेजी से काम चल रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि 2026 और 2027 रॉयल एनफील्ड के लिए बेहद अहम साल साबित हो सकते हैं, क्योंकि कंपनी हर तरह के ग्राहकों के लिए नए मॉडल और तकनीक पेश करने जा रही है। बता दें कि मशहूर दोपहिया वाहन निर्माता रॉयल एनफील्ड आने वाले वर्षों में अपने पोर्टफोलियो को बड़े स्तर पर अपडेट करने की तैयारी कर रही है।

# ईंधन कीमत वृद्धि का लाभ धो डालेगी रुपये की गिरावट: रिपोर्ट

### - 3 रुपए प्रति लीटर की वृद्धि से मिली 52,700 करोड़ की राहत



नई दिल्ली । भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के आर्थिक अनुसंधान विभाग ने अपनी इकोरैप रिपोर्ट में चेतावनी दी है कि अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में और गिरावट से तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) को वाहन ईंधन की कीमतों में हाल ही में की गई बढ़ोतरी से मिलने वाला पूरा लाभ समाप्त हो सकता है। यह चिंता ऐसे समय में आई है जब शुक्रवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रिकॉर्ड निचले स्तर पर 95.81 पर बंद हुआ। सरकारी तेल विपणन कंपनियों ने पश्चिम एशिया संकट और कच्चे तेल की बढ़ती वैश्विक कीमतों के मद्देनजर पेट्रोल और डीजल की कीमतों में तीन-तीन रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की थी। इस कदम से ओएमसी को खुदरा बिक्री पर हो रहे नुकसान (अंडर-रिकवरी) में करीब 52,700 करोड़ रुपये की राहत मिल सकती है, जो वित्त वर्ष 2026-27 में अपेक्षित कुल नुकसान का लगभग 15 प्रतिशत है। हालांकि, रिपोर्ट स्पष्ट करती है कि यदि रुपये में मौजूदा औसत स्तर से केवल दो रुपये की और कमजोरी आती है, तो कच्चे तेल के आयात की लागत इतनी बढ़ जाएगी कि ईंधन मूल्य वृद्धि का पूरा लाभ समाप्त हो जाएगा। रिपोर्ट के मुताबिक, रुपया पहले ही एक महत्वपूर्ण गिरावट स्तर के करीब है, जिसके बाद और कमजोरी से लाभ खत्म हो सकता है। एसबीआई रिपोर्ट में पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी के हवाले से यह भी बताया गया है कि तेल विपणन कंपनियों को प्रतिदिन लगभग 1,000 करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है, जो सालाना लगभग 3.6 लाख करोड़ रुपये बैठता है।

# 18700 रुपए किलो चांदी के दाम गिरे एक दिन में

### चांदी की गिरावट और तेजी , बाजार हैरान

### -ई टी एफ में चांदी की गिरावट में चार बड़े कारण



मुंबई । अंतरराष्ट्रीय बाजार में चांदी की कीमतों में एक ही दिन में बड़ी गिरावट दर्ज की गई। घरेलू बाजार में चांदी करीब 18,700 रुपए प्रति किलो तक टूट गई, जिससे निवेशक और कारोबारी दोनों हैरान रह गए।

वहीं सिल्वर ईटीएफ में भी करीब 9 प्रतिशत तक की गिरावट देखी गई। विशेषज्ञों के अनुसार अमेरिका में ब्याज दरें बढ़ने की आशंका और डॉलर की मजबूती ने कीमती धातुओं पर दबाव बढ़ा दिया है।

जानकारों का कहना है कि महंगाई के आंकड़े उम्मीद से अधिक आने के बाद निवेशकों ने सुरक्षित निवेश के तौर पर डॉलर की ओर रुख किया। इसके चलते सोना और चांदी दोनों कमजोर हुए।

इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय बाजार में औद्योगिक मांग घटने और बड़े निवेशकों की बिकवाली ने भी चांदी की कीमतों को नीचे खींचा।

हालांकि बाजार विशेषज्ञ मानते हैं कि यह गिरावट लंबे समय तक नहीं रह सकती। औद्योगिक उपयोग और वैश्विक मांग बढ़ने पर आने वाले समय में चांदी में फिर तेजी देखने को मिल सकती है। फिलहाल निवेशकों की नजर अमेरिकी फेडरल रिजर्व की अगली नीति बैठक पर टिकी हुई है।

# एनएसई आईपीओ से पहले ब्रोकरेज की हिस्सेदारी न्यूनतम स्तर पर

### - डीम्युचुअलाइजेशन और हितों के टकराव से बचने के उपायों ने बाजार संचालन को बेहतर बनाया




नई दिल्ली। राष्ट्रीय शेयर बाजार (एनएसई) में ब्रोकरेज कंपनियों की हिस्सेदारी उसके बहुप्रतीक्षित आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) से पहले तेजी से घट रही है। यह गिरावट मार्च 2019 के उच्चतम स्तर 53.9 फीसदी से मार्च 2026 तक अनुमानित 35.6 फीसदी तक पहुंच गई है, जो मार्च 2016 के बाद का सबसे निचला स्तर होगा। इस बदलाव का मुख्य कारण डीम्युचुअलाइजेशन प्रक्रिया और हितों के टकराव से बचने के लिए किए गए नियामकीय उपाय हैं। भारत सरकार ने 2000 के दशक की शुरुआत में स्टॉक एक्सचेंजों में डीम्युचुअलाइजेशन प्रक्रिया शुरू की थी। इसका उद्देश्य ट्रेडिंग अधिकारों को एक्सचेंज के संचालन से अलग करना था, ताकि ब्रोकर अपने व्यक्तिगत लाभ के लिए बाजार के कामकाज को प्रभावित न कर सकें। एनएसई की स्थापना ही एक डीम्युचुअलाइज्ड संस्था के रूप में हुई थी, जिससे वह इस दिशा में पहले से ही अग्रसर था। बाजार के जानकारों के अनुसार ब्रोकरों के हित आज भी स्टॉक एक्सचेंजों के साथ जुड़े हुए हैं। वे अपने फीडबैक और क्लाइंट्स को बाजार में लाकर इसके विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने हाल के वर्षों में ट्रेडिंग वॉल्यूम में भारी वृद्धि के बावजूद ब्रोकरों की विफलताओं की घटनाओं में कमी के लिए भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के समय पर किए गए नियामकीय हस्तक्षेपों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह भारतीय बाजारों की प्रगति और दुनिया के बाकी बाजारों की तुलना में इसके उच्च मानकों का प्रमाण है, जो एक मजबूत इकोसिस्टम को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि ये उपाय समय की कसौटी पर खरे उतरे हैं।

## कांगो में इबोला के प्रकोप से अब तक 65 लोगों की मौत

किशासा। दुनिया अभी अन्य स्वास्थ्य चुनौतियों से उबर ही रही थी कि इस बीच इबोला वायरस ने एक बार फिर पैर पसारने शुरू कर दिए हैं। अफ्रीका की शीर्ष सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्था अफ्रीका सीडीसी ने कांगो के इतुरी प्रांत में इबोला फैलने की पुष्टि की है। इस खतरनाक बीमारी की चपेट में आने से अब तक 65 लोगों की जान जा चुकी है, जबकि 246 संदिग्ध मामले सामने आ चुके हैं। स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, संक्रमण के सबसे ज्यादा मामले मोंगबालु और रवामपारा हेल्थ जोन में दर्ज किए गए हैं, जिनमें से चार मामलों की प्रयोगशाला में पुष्टि हो चुकी है।

## पेंटागन ने पौलैंड में 4,000 से ज्यादा सैनिकों की तैनाती की रद्द

वाशिंगटन। पेंटागन ने अमेरिका में तैनात 4,000 से ज्यादा सैनिकों को अस्थायी रूप से पोलैंड भेजने की योजना रद्द कर दी है। कई अमेरिकी मीडिया संस्थानों ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी दी। रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी सेना के कार्यवाहक चीफ ऑफ स्टाफ क्रिस्टोफर ला नेव ने शुक्रवार को कांग्रेस की सुनवाई में बताया कि अमेरिकी यूरोपीय कमान के प्रमुख को «सैन्य बलों में कटौती के निर्देश मिले थे। ला नेव ने कहा कि मैंने उनके साथ करीबी परामर्श में इस बात पर काम किया कि कौन-सी सैन्य इकाई इसमें शामिल होगी और यह फैसला लिया गया कि उस ब्रिगेड के लिए थिएटर में तैनाती न करना सबसे उपयुक्त होगा।

## ट्रंप की हत्या पर मिलेगा 50 मिलियन यूरो, ईरानी संसद में पेश होगा प्रस्ताव

तेहरान। ईरानी मीडिया में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को लेकर एक खबर ने सबका ध्यान खींचा है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ईरानी सरकार ट्रंप की हत्या के बदले 50 मिलियन यूरो के इनाम का एक प्रस्ताव संसद में लाने की तैयारी कर रही है। रिपोर्ट के मुताबिक ईरानी संसद की राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति समिति के चेयरमैन इब्राहिम अजीजी ने इस्लामिक रिपब्लिक की सैन्य और सुरक्षा एजेंसियों द्वारा «काउंटर-एक्शन» नामक योजना का मसौदा तैयार किए जाने की घोषणा की है।

## तुम्हारी रिपोर्टिंग देशद्रोह जैसी, मीडिया सच को तोड़-मरोड़कर पेश कर रहा

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान युद्ध को लेकर पूछे गए एक सवाल पर पत्रकार पर भड़क गए। प्रेस वार्ता में ट्रम्प ने रिपोर्टर की आलोचना करते हुए उसकी रिपोर्टिंग को देशद्रोह बता दिया और कहा कि मीडिया सच को तोड़-मरोड़कर पेश कर रहा है। दरअसल अमेरिका के एक वरिष्ठ पत्रकार डेविड सैंगर ने ट्रम्प से सवाल किया था कि यदि अमेरिका ने ईरान के खिलाफ पूरी सैन्य जीत» हासिल कर ली है, तो फिर अमेरिका अपने राजनीतिक लक्ष्य हासिल क्यों नहीं कर पाया।

# चीन से खाली हाथ अमेरिका लौटे ट्रंप

### दोनों राष्ट्राध्यक्षों ने संयुक्त बयान तक जारी नहीं किया

### -ट्रंप के ऑफर पर मौन रहे जिनपिंग, ईरान और होर्मुज पर भी नहीं हो सका फैसला





वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप तीन दिवसीय चीन दौरे के बाद शुक्रवार को अमेरिका लौट गए। उन्होंने अपनी यात्रा को «ऐतिहासिक» और «बेहद सफल» बताया, लेकिन छह दौर की बैठकों के बावजूद अमेरिका और चीन के बीच किसी बड़े समझौते या संयुक्त बयान की घोषणा नहीं हो सकी। इस वजह से दौरे के वास्तविक परिणामों को लेकर सवाल उठने लगे हैं।

ट्रंप और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच हुई शिखर वार्ता में ईरान युद्ध, ताइवान, ट्रेड-टैरिफ विवाद, रेयर अर्थ मिनरल्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और चिप टेक्नोलॉजी जैसे संवेदनशील मुद्दों पर चर्चा हुई। ट्रंप ने दावा किया कि दोनों देशों ने कई समस्याओं को सुलझाने की दिशा में प्रगति की है और द्विपक्षीय संबंध पहले से अधिक मजबूत हुए हैं, लेकिन उन्होंने किसी ठोस सहमति या समझौते का स्पष्ट विवरण नहीं दिया।वैश्विक आर्थिक अस्थिरता, ईरान युद्ध और व्यापारिक तनाव के बीच इस यात्रा को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा था। करीब नौ वर्षों बाद चीन पहुंचे ट्रंप के साथ 17 बड़े अमेरिकी कारोबारी भी गए थे, जिससे बोइंग विमान सौदे, कृषि खरीद, कर्ज सहयोग और सेमीकंडक्टर क्षेत्र में बड़े व्यापारिक एलानों की उम्मीद की जा रही थी। हालांकि यात्रा समाप्त होने तक इन मुद्दों पर कोई औपचारिक समझौता सामने नहीं आया।

### चीन से मिले तोहफे को कूड़ेदान में फेंककर चले गए ट्रंप

### जासूसी के डर से फोन भी किए नष्ट

बीजिंग। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप तीन दिवसीय यात्रा पर चीन आए हुए थे। यहां उनकी जमकर खातिरदारी की गई। उन्हे महंगे-महंगे गिफ्ट भी दिए गए। लेकिन ट्रंप ने अपने विमान पर चढ़ने से पहले ही सभी तोहफे कूड़ेदान में फेंक दिए। जासूसी और चीनी साइबर हमले के जरिए डेटा चोरी के डर से ट्रंप के पूरे डेलिगेशन ने राष्ट्रपति के विशेष विमान एयर फोर्स वन में सवार होने से पहले, चीनी अधिकारियों और मेजबानों द्वारा दिए गए सभी गिफ्ट्स, गैजेट्स और अन्य सामानों को या तो नष्ट कर दिया या फिर वहीं बीजिंग में ही छोड़ दिया।

अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल ने बीजिंग से उड़ान भरने से ठीक पहले उन सभी चीजों को एक जगह इकट्ठा किया जो उन्हें उनकी चीन यात्रा के दौरान मिली थीं। इनमें व्हाइट हाउस के कर्मचारियों और सुरक्षाकर्मियों को जारी किए गए बर्नर फोन, डेलिगेशन पिन, यात्रा के दौरान इस्तेमाल हुए क्रेडेंशियल्स (पहचान पत्र) और अन्य उपहार शामिल थे। सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत एयर फोर्स वन में चढ़ने से पहले इन सभी चीजों को डस्टबिन में फेंक दिया गया या फिर पूरी तरह से नष्ट कर दिया गया। अमेरिकी प्रेस पूल के साथ यात्रा कर रहे वरिष्ठ संवाददाताओं ने भी सोशल मीडिया पर इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि सुरक्षा कारणों से विमान में चीन से जुड़ा कुछ भी ले जाने की अनुमति नहीं थी।

# रूस के एसयू-35 लड़ाकू विमान ने यूक्रेन में एफ-16 जेट को मार गिराया

### रूसी आर-37एम अल्ट्रा-लॉन्ग-रेंज वाली मिसाइलें खरीद रहा भारत



कीव,(ईएमएस)। रूस के एसयू-35 लड़ाकू विमान ने यूक्रेन में पहली बार अमेरिकी एफ-16 फाइटर जेट को लंबी दूरी से हमला करते हुए मार गिराया। इसके लिए रूसी फाइटर जेट के आर-77 या आर-37एम मिसाइल का इस्तेमाल किए जाने की रिपोर्ट है। यूक्रेन के मॉनिटरिंग चैनलों पर जिस हमलावर एयर-टू-एयर मिसाइल को ट्रैक किया गया वह इन्हीं दोनों मिसाइलों में एक के होने की संभावना है। अगर इस घटना की पुष्टि यूक्रेन कर देता तो है ये पहली बार होगा जब एयर-टू-एयर कॉम्बैट में अमेरिकी विमान को मार गिराया गया हो।

बता दें एसयू-35 सोवियत एसयू-27 एयर सुपीरियरिटी फाइटर का एक एडवांस संस्करण है जिसे विशेष रूप से नाटो के एफ-15 और एफ-16 फाइटर्स को पछाड़ने के लिए डिजाइन किया गया था। यह कई सिम्युलेटेड एंगेजमेंट्स यानी नकली लड़ाइयों में अपनी क्षमता साबित कर चुका है। एफ-16 को अमेरिकी वायुसेना के शीत युद्ध-युग के प्रमुख एयर सुपीरियरिटी फाइटर एफ-15 के एक हल्के और कम खर्चीले विकल्प के रूप में डिजाइन किया गया था। यह एक हल्का, सिंगल-इंजन वाला विमान है जबकि एफ-15 और एसयू-35 भारी-भरकम ट्विन-इंजन वाले विमान हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यूक्रेनी सूत्रों ने बार-बार चेतावनी दी है कि एफ-16 और फ्रांसीसी मिराज 2000 लड़ाकू विमान, एसयू-35 जैसे एडवांस रूसी लड़ाकू विमानों की क्षमताओं का मुकाबला करने में पूरी तरह से असमर्थ हैं। यूक्रेनी वायुसेना के प्रवक्ता ने 3 जून 2025 को कहा था कि दुर्भाग्य से आज रूस के पास ऐसे जेट हैं जो ज्यादा दूर तक देख सकते हैं और ऐसी मिसाइलें हैं जो ज्यादा दूर तक मार कर सकती हैं। यह एफ-16 की तुलना में भी सच है। उनके पास शक्तिशाली हवाई सुरक्षा प्रणाली भी है जो विमानन के साथ मिलकर काम करती है।

मार्च में इग्नाट ने एफ-16 की तुलना विशेष रूप से एसयू-35 से करते हुए कहा था कि यूक्रेन के पास जो एफ-16 हैं वे हवाई लड़ाई में आमने-सामने का मुकाबला नहीं कर सकते।

# नेपाल सुप्रीम कोर्ट ने बालेन शाह सरकार को दिया झटका

### 100 रुपये से अधिक के भारतीय सामानों पर कस्टम ड्यूटी वसूली पर अंतरिम रोक



काठमांडू। नेपाल की सुप्रीम कोर्ट ने भारत-नेपाल सीमा पर भारतीय सामानों पर लगाए जा रहे विवादित कस्टम ड्यूटी प्रावधान पर अंतरिम रोक लगा दी है। अदालत ने बालेन शाह सरकार के उस फैसले के अमल पर रोक लगाई है, जिसके तहत भारतीय सीमा से नेपाल लाए जाने वाले 100 रुपये से अधिक मूल्य के दैनिक उपयोग के सामानों पर सीमा शुल्क वसूला जा रहा था।

जस्टिस हरि प्रसाद फुयाल और टेक प्रसाद ढुंगाना की संयुक्त पीठ ने शुक्रवार को सुनवाई के दौरान यह अंतरिम आदेश जारी किया। अदालत ने प्रधानमंत्री कार्यालय, मंत्रिपरिषद, वित्त मंत्रालय और संबंधित सरकारी एजेंसियों को निर्देश दिया कि अगले आदेश तक इस व्यवस्था को लागू न किया जाए। यह आदेश उस रिट याचिका पर सुनवाई के बाद दिया गया, जिसमें वित्त मंत्रालय के फैसले को चुनौती दी गई थी। याचिकाकर्ताओं का कहना था कि 100 रुपये से अधिक कीमत के सामान पर कस्टम ड्यूटी लगाने का प्रावधान नेपाल के कस्टम एक्ट 2024 के अनुरूप नहीं है और इससे आम नागरिकों को अनावश्यक परेशानी हो रही है।

सुप्रीम कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद सरकार के फैसले पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाते हुए अंतिम निर्णय आने तक पुरानी व्यवस्था बहाल रखने का निर्देश दिया। अदालत के इस आदेश से फिलहाल सीमा क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को बड़ी राहत मिली है। दरअसल, बालेन शाह सरकार बनने के बाद नेपाल के वित्त मंत्रालय ने सीमा पार से आने वाले 100 रुपये से अधिक मूल्य के सामान पर कस्टम ड्यूटी अनिवार्य कर दी थी। इसके बाद भारत-नेपाल सीमा पर स्थित कस्टम चौकियों पर सख्ती बढ़ा दी गई थी। नेपाली अधिकारी भारतीय बाजारों से लौट रहे लोगों के सामान की जांच कर रहे थे और चिप्स, मसाले, बिस्किट तथा अन्य रोजमर्रा की वस्तुओं पर भी शुल्क वसूला जा रहा था।

# ट्रंप-जिनपिंग मुलाकात में प्रतीकात्मक और रणनीतिक संदेश मिले पर ठोस नतीजे नहीं

### व्यापार, सुरक्षा और ताइवान जैसे मुद्दों पर कोई बड़ा समाधान नहीं निकला



वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप तीन दिन के चीन दौरा पूरा कर चुके हैं। इस दौरान उन्होंने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। विशेषज्ञों का मानना है कि ट्रंप और जिनपिंग के बीच हुई हाई-प्रोफाइल बैठक ने प्रतीकात्मक और रणनीतिक संदेश तो जरूर दिए, लेकिन इससे कोई ठोस नतीजे हासिल नहीं हुए। इस मुलाकात का मकसद दोनों देशों के बीच संवाद बनाए रखना और वैश्विक स्तर पर राजनीतिक संकेत देना ज्यादा था, जबकि व्यापार, सुरक्षा और ताइवान जैसे अहम मुद्दों पर कोई बड़ा समाधान सामने नहीं आया। विशेषज्ञों ने कहा कि बीजिंग समिट ने पिछले साल के व्यापार टकराव के बाद कुछ समय के लिए तनाव को कम करने में मदद की, लेकिन ताइवान, तकनीकी कंट्रोल, टैरिफ, रेयर अर्थ मिनरल्स और ईरान पर गहरे विवादों को सुलझाने में नाकाम रही। सीएफआर के एशिया स्टडीज के सीनियर फेलो और चाइना स्ट्रैटेजी इनिशिएटिव के डायरेक्टर रश दोशी ने कहा कि यह एक ऐसी समिट है जो असलियत से ज्यादा सिंबल पर ज्यादा थी। दोशी ने कहा कि बीजिंग उस नाजुक शांति को बढ़ाने पर फोकस कर रहा था जो पिछले साल दोनों देशों के अपने व्यापार युद्ध को रोकने के बाद पैदा हुई थी।उन्होंने कहा कि चीन का मकसद रणनीतिक रूप से अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए समय और स्थिरता खरीदना है। मुझे लगता है कि उन्होंने मोटे तौर पर वह मकसद हासिल कर लिया है। समिट पर एक बड़ी चिंता रेयर अर्थ मिनरल्स और जरूरी सप्लाई चैन में चीन का दबदबा था। सीएफआर के सेंटर फॉर जियोइकोनॉमिक्स स्टडीज की सीनियर फेलो हेइडी क्रेबो-रेडिकर रोक ने अमेरिका और यूरोपीय उद्योगों में गंभीर कमजोरियों को सामने ला दिया।

# टैरिफ, स्टूडेंट वीजा, क्लीन एनर्जी की वजह से अमेरिका-भारत संबंध मुश्किल दौर में

### भारत में अमेरिका के पूर्व राजदूत रिचर्ड वर्मा ने गिनाई कई चुनौतियां



वाशिंगटन। भारत में अमेरिका के पूर्व राजदूत रिचर्ड वर्मा ने चेतावनी दी है कि टैरिफ, स्टूडेंट वीजा में कमी और क्लीन एनर्जी में सहयोग में कमी जैसे मुद्दों की वजह से अमेरिका-भारत संबंध मुश्किल दौर में है। हालांकि उन्होंने भारत को इस सदी में अमेरिका की «सबसे अहम साझेदारियों» में से एक बताया। वर्मा ने कहा कि पिछले 25 सालों में संबंध काफी बढ़े हैं, लेकिन अब नए प्रेशर पॉइंट्स का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि संबंध का आर्किटेक्चर और महत्व अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए सबसे जरूरी है। मेरा मानना ??है, जैसा कि पूर्व राष्ट्रपति ओबामा कहते थे, यह इस सदी में अमेरिका के लिए सबसे अहम पार्टनरशिप है।

बता दें वर्मा अभी मास्टरकार्ड में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी और राज्य के पूर्व उपसचिव हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका और भारत ने 2000 में राष्ट्रपति बिल क्लिंटन के भारत दौरे के बाद से वाशिंगटन की सबसे तेजी से बढ़ने वाली रणनीतिक साझेदारियों में से एक बनाई है। उन्होंने कहा कि हम 2000 में रक्षा व्यापार में 0 से 20 बिलियन डॉलर तक पहुंच गए। हम टू-वे ट्रेड में 20 बिलियन से 200 बिलियन डॉलर से ज्यादा पर पहुंच गए। उन्होंने कहा कि लोगों के बीच संबंध भी बढ़े हैं और अब अमेरिका में सबसे ज्यादा विदेशी स्टूडेंट भारतीय छात्र हैं। हालांकि, इसके बावजूद भी उन्होंने माना कि दोनों देशों के बीच ये साझेदारी अब दबाव में है।भारत और ब्राजील ही ऐसे दो देश थे जिन पर 50 फीसदी टैरिफ था। यह कुछ समझ से बाहर था। इमिग्रेशन कम हो गया है। स्टूडेंट वीजा मिलना कम हो गया है। स्वच्छ ऊर्जा सहयोग अगर खत्म नहीं हुआ है, तो कम हो गया है। वर्मा की यह बात भारतीय स्टूडेंट्स और टेक्नोलॉजी प्रोफेशनल्स के बीच ट्रंप सरकार के दूसरे टर्म में सख्त अमेरिकी वीजा नीति और पाबंदियों को लेकर बढ़ती चिंता के बीच आई है।

# अब मसूरी नहीं लाहौर में होगी बांग्लादेशी अफसरों की ट्रेनिंग

### यूनुस के रंग में रंग रहे तारिक रहमान



ढाका। भारत और बांग्लादेश के रिश्तों में हालिया तनाव के बीच एक बड़ा कूटनीतिक और प्रशासनिक बदलाव देखने को मिला है। लंबे समय तक भारतीय हिल स्टेशन मसूरी में ट्रेनिंग पाने वाले बांग्लादेशी नौकरशाहों ने अब पाकिस्तान के लाहौर का रुख कर लिया है। ढाका से मिले ताजा घटनाक्रम के अनुसार, बांग्लादेश के 12 वरिष्ठ नौकरशाह इन दिनों लाहौर स्थित सिविल सर्विसेज अकादमी में विशेष प्रशिक्षण ले रहे हैं। 4 से 21 मई तक चलने वाला यह कार्यक्रम दोनों देशों के बीच अपनी तरह का पहला संगठित प्रशिक्षण सत्र है, जिसे दक्षिण एशिया की बदलती कूटनीतिक तस्वीर से जोड़कर देखा जा रहा है।

दरअसल, बांग्लादेश में हुए सत्ता परिवर्तन और पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के हटने के बाद ढाका और इस्लामाबाद के रिश्तों में तेजी से नजदीकी बढ़ी है। दोनों देश व्यापार, प्रशासन और रणनीतिक सहयोग जैसे कई मोर्चों पर संपर्क बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि, ढाका के कुछ अधिकारियों का मानना है कि बांग्लादेश आने वाले समय में नई दिल्ली और इस्लामाबाद दोनों के साथ संतुलन बनाकर चलने की कोशिश करेगा। अब तक बांग्लादेशी अधिकारी भारत के मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में ट्रेनिंग के लिए आते थे। साल 2014 में शुरू हुई इस व्यवस्था के तहत दिल्ली स्थित नेशनल सेंटर फॉर गुड गवर्नेंस के साथ तीन बार समझौते किए गए। आंकड़ों के अनुसार, साल 2019 से 2024 के बीच भारत ने अपने कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम के तहत करीब 1,019 बांग्लादेशी सिविल सेवकों को प्रशिक्षित किया। यदि अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को भी जोड़ लिया जाए, तो यह संख्या लगभग 2,500 तक पहुंचती है। भारत का यह आखिरी समझौता केवल एक साल के लिए वैध था, जिसकी अवधि अब समाप्त हो चुकी है। बांग्लादेश के लोक प्रशासन मंत्रालय के मुताबिक, इस बार पाकिस्तान भेजे गए प्रतिनिधिमंडल में एक अतिरिक्त सचिव और 11 संयुक्त सचिव स्तर के अधिकारी शामिल हैं। इस पूरी ट्रेनिंग का वित्तीय खर्च पाकिस्तान सरकार उठा रही है। विश्लेषकों का मानना है कि यह कदम सिर्फ प्रशासनिक प्रशिक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि दक्षिण एशिया की बदलती भू-राजनीतिक परिस्थितियों का एक बड़ा संकेत है, जहां पाकिस्तान अपनी खोई हुई जमीन तलाश रहा है।

# ब्रह्मोस के आगे बेबस पाकिस्तान, परमाणु गीदड़भभकी का पुराना पैंतरा




इस्लामाबाद। भारत की ब्रह्मोस मिसाइलों की मारक क्षमता के आगे पाकिस्तान की कथित बेबसी अब उसकी पुरानी परमाणु गीदड़भभकी के रूप में सामने आने लगी है। पाकिस्तानी विशेषज्ञ लगातार दुनिया को यह विश्वास दिलाने की कोशिश कर रहे हैं कि अगर अगला संघर्ष होता है, तब परमाणु युद्ध छिड़ सकता है और युद्ध बेकाबू हो सकता है। यह दिखाता है कि पाकिस्तान की सेना भले ही अपनी पीठ थपथपा ले, लेकिन उसके विशेषज्ञ इस बात की चेतावनी दे रहे हैं कि भारत जिस सीमित युद्ध की बात करता है, वह तर्क शायद पाकिस्तान को सीमित न रख सके।

अंतर्राष्ट्रीय राजनीति के प्रोफेसर पाकिस्तानी मूल के जफर खान ने उस रिपोर्ट को खारिज किया है जिसमें तर्क दिया गया था कि पाकिस्तान का सीमित युद्ध का नया तर्क शायद युद्ध को सीमित न रख पाए। रिपोर्ट में कहा गया था कि जब भारतीय ब्रह्मोस मिसाइलों ने पाकिस्तानी हवाई ठिकानों पर हमला किया, तब इस्लामाबाद के सामने एक मुश्किल चुनाव था। रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान के पास अपने लंबी दूरी के सिस्टम से जवाब देने की क्षमता थी, लेकिन उसने जान-बूझकर बाबर क्रूज मिसाइल का इस्तेमाल नहीं किया, क्योंकि एक दोहरी क्षमता वाले सिस्टम का इस्तेमाल करने से परमाणु युद्ध बढ़ने का संकेत जाने का खतरा था। जफर ने इस पर प्रतिक्रिया देकर कहा कि यह लेख पाकिस्तान-भारत के बीच संकट की स्थिति की तुलना ईरान-अमेरिका के हालात से गलत तरीके से करता है, क्योंकि ईरान एक परमाणु-हथियार वाला देश नहीं है जबकि पाकिस्तान के पास भरोसेमंद परमाणु हथियार हैं। खान के अनुसार, पाकिस्तान के परमाणु हथियार भारत को सीमित या बड़े पैमाने पर युद्ध छेड़ने से रोकते हैं, क्योंकि भारत को डर है कि युद्ध तुरंत परमाणु स्तर तक बढ़ सकता है बिना किसी एस्केलेशन लैडर का पालन किए। उन्होंने भारतीय मिसाइल के इस्तेमाल को कमजोरी और खतरे से भरा तथा खतरनाक एस्केलेशन बताया, जो भारत को इसतरह एस्केलेशन ट्रैप में फंसा सकता है जहां वह युद्ध को नियंत्रित न कर पाए। खान ने चेतावनी दी कि इससे पाकिस्तान का रणनीतिक संयम कम होता है।

# चीन को राहत देंगे पर ताइवान को हथियार नहीं देंगे ट्रंप?

### बीजिंग से लौटते ही बदले डोनाल्ड ट्रंप के सुर



वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बीजिंग के अपने हालिया दौरे से लौटने के बाद चीन के प्रति बेहद नरम रुख अपनाते दिख रहे हैं। अचानक आए इस रणनीतिक बदलाव से राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा तेज हो गई है कि क्या ट्रंप चीनी दबाव के आगे झुक गए हैं। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ हुई उच्च स्तरीय बैठक के बाद ट्रंप ने कई ऐसे बयान दिए हैं, जो अमेरिका की पारंपरिक विदेश नीति के बिल्कुल विपरीत नजर आ रहे हैं। ट्रंप ने अमेरिका पहुंचने से पहले ही एयर फोर्स वन में पत्रकारों से बातचीत के दौरान चीन को एक बड़ी राहत के संकेत दिए। उन्होंने कहा कि वह जल्द ही उन चीनी कंपनियों पर से प्रतिबंध हटाने पर विचार कर सकते हैं, जो ईरान से तेल खरीद रही हैं। इन कंपनियों पर हाल ही में अमेरिका ने सख्त रुख अपनाते हुए पाबंदियां लगाई थीं, जिनमें चीन की दिग्गज रिफाइनरी हेंगली पेट्रोकेमिकल भी शामिल है। दरअसल, चीन ईरान का सबसे बड़ा तेल खरीदार है और होर्मुज संकट के चलते वह पहले ही कम तेल खरीद पा रहा था। अमेरिकी प्रतिबंधों ने उसकी मुश्किलें और बढ़ा दी थीं। हालांकि, ट्रंप के इस बदले रुख के पीछे एक बड़ा व्यापारिक कारण माना जा रहा है। ट्रंप का दावा है कि चीन ने अमेरिका से और अधिक मात्रा में तेल खरीदने का वादा किया है, जिसके बदले में अमेरिकी राष्ट्रपति चीनी कंपनियों को राहत देने का मन बना रहे हैं। इस बदलाव का सबसे बड़ा असर ताइवान के मुद्दे पर देखने को मिला है। ट्रंप ने ताइवान को दिए जाने वाले 14 अरब डॉलर के हथियार पैकेज को मंजूरी देने संशय जाहिर किया है।

# नीदरलैंड पहुंचे पीएम मोदी, व्यापार और रक्षा सहयोग पर होगी बड़ी बातचीत

### डच प्रधानमंत्री और किंग से मुलाकात, सेमीकंडक्टर व ग्रीन हाइड्रोजन साझेदारी पर रहेगा फोकस



एम्सटर्डम। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने पांच देशों के विदेश दौरे के दूसरे चरण में शनिवार को नीदरलैंड पहुंचे हैं, जहां भारतीय प्रवासी समुदाय और स्थानीय कलाकारों ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस यात्रा का उद्देश्य भारत और नीदरलैंड के बीच व्यापार, रक्षा, तकनीक, नवाचार और हरित विकास के क्षेत्रों में रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करना है। इससे पहले प्रधानमंत्री ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) का दौरा किया था, जहां ऊर्जा और रक्षा क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण समझौते हुए थे।

नीदरलैंड पहुंचने पर द हेग में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भारतीय प्रवासी समुदाय और स्थानीय कलाकारों ने पारंपरिक अंदाज में स्वागत किया। यह दौरा डच प्रधानमंत्री रॉब जेटेन के निमंत्रण पर हो रहा है। प्रधानमंत्री मोदी शनिवार को रॉब जेटेन के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे, जिसमें रक्षा सहयोग, व्यापार विस्तार और नई तकनीकों में साझेदारी प्रमुख मुद्दे होंगे। आधिकारिक कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री मोदी नीदरलैंड के किंग विलेम-अलेक्जेंडर और क्वीन मैक्सिमा से भी मुलाकात करेंगे। इसके अलावा, डच उद्योग जगत के प्रमुख प्रतिनिधियों और बिजनेस लीडर्स के साथ भी उनकी बैठक प्रस्तावित है। माना जा रहा है कि इन चर्चाओं में सेमीकंडक्टर निर्माण, ग्रीन हाइड्रोजन, जल प्रबंधन, रक्षा उत्पादन, सप्लाई चेन और इनोवेशन जैसे क्षेत्रों में सहयोग को नई दिशा दी जाएगी। प्रधानमंत्री मोदी का यह नीदरलैंड का दूसरा दौरा है। इससे पहले उन्होंने वर्ष 2017 में यहां की यात्रा की थी। विदेश मंत्रालय के अनुसार, मौजूदा दौरा ऐसे समय हो रहा है जब भारत और नीदरलैंड के संबंध तेजी से रणनीतिक साझेदारी की ओर बढ़ रहे हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि यह दौरा दोनों देशों के बहुआयामी संबंधों को और मजबूती देगा तथा यूरोप के बड़े भारतीय समुदाय से जुड़ने का अवसर प्रदान करेगा।

### ऋषभ पंत पर लगा जुर्माना, बीसीसीआई का बड़ा एक्शन

नई दिल्ली। लखनऊ सुपर जायंट्स भले ही आईपीएल 2026 की प्लेऑफ दौड़ से बाहर हो चुकी हो, लेकिन टीम अब दूसरी टीमों के समीकरण बिगाड़ने में जुटी हुई है। ऋषभ पंत की कप्तानी वाली लखनऊ ने अपने ताजा मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स को 7 विकेट से हराकर उसके प्लेऑफ अभियान को बड़ा झटका दिया। इस शानदार जीत से लखनऊ खेमे में खुशी का माहौल था, लेकिन कप्तान ऋषभ पंत की यह खुशी ज्यादा देर कायम नहीं रह सकी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआई ने उन पर आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के कारण जुर्माना लगा दिया।

### लखनऊ के खिलाफ अंशुल कंबोज की जमकर हुई धुनाई

नई दिल्ली। आईपीएल में एक मैच किसी खिलाड़ी की किस्मत बदल सकता है और चेन्नई सुपर किंग्स के तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज के लिए 15 मई 2026 की रात कुछ ऐसी ही साबित हुई। लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मुकाबले में कंबोज ने बेहद महंगा स्पेल डाला और कई अनचाहे रिकॉर्ड अपने नाम कर लिए। चेन्नई को इस मुकाबले में 7 विकेट से हार का सामना करना पड़ा, जबकि कंबोज की गेंदबाजी पूरे मैच में चर्चा का विषय बनी रही। अंशुल कंबोज ने इस मुकाबले में सिर्फ 2.4 ओवर गेंदबाजी की और 63 रन लुटा दिए। खास बात यह रही कि उन्हें एक भी विकेट नहीं मिला।

### यूडब्ल्यूडब्ल्यू का बड़ा फैसला : रूस और बेलारूस के पहलवानों की वापसी

जिनेवा। अंतरराष्ट्रीय कुश्ती संगठन (यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू)) ने बड़ा फैसला लेते हुए रूस और बेलारूस के पहलवानों पर लगी सभी प्रमुख पाबंदियां हटाने का ऐलान कर दिया है। अब दोनों देशों के खिलाड़ी तुरंत प्रभाव से सभी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अपने राष्ट्रीय झंडे और पहचान के साथ हिस्सा ले सकेंगे। संगठन की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि सीनियर स्तर समेत हर श्रेणी की प्रतियोगिता में रूसी और बेलारूसी पहलवान अपने-अपने देश के झंडे के नीचे मुकाबला करेंगे।

### शान मसूद और शाहीन अफरीदी के बीच हुई तीखी बहस

नई दिल्ली। बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में मिली करारी हार के बाद पाकिस्तान क्रिकेट टीम में अंदरूनी तनाव की खबरें सामने आ रही हैं। ढाका में खेले गए मुकाबले में पाकिस्तान को 104 रनों से हार का सामना करना पड़ा, जिसके बाद टीम के ड्रेसिंग रूम का माहौल काफी गर्म बताया जा रहा है। कप्तान शान मसूद और तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी के बीच मैच के बाद तीखी बहस हुई।

## राजस्थान और पंजाब की उम्मीदों को मिली नई जान
# चेन्नई की हार से बदला समीकरण

नई दिल्ली । आईपीएल 2026 में ऋतुराज गायकवाड़ की कप्तानी वाली चेन्नई सुपर किंग्स को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मिली हार ने प्लेऑफ की तस्वीर पूरी तरह बदल दी है। इस मुकाबले से पहले चेन्नई के प्लेऑफ में पहुंचने की संभावना करीब 47 प्रतिशत मानी जा रही थी, लेकिन हार के बाद यह घटकर केवल 28.4 प्रतिशत रह गई है। चेन्नई के पास शानदार मौका था कि वह लखनऊ को हराकर अंक तालिका के टॉप-4 में जगह बना ले और पंजाब किंग्स को पीछे छोड़ दे, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। इस हार का सबसे बड़ा फायदा राजस्थान रॉयल्स और पंजाब किंग्स को मिला है, जिनकी प्लेऑफ उम्मीदों को नया जीवन मिल गया है।



आंकड़ों के अनुसार गुजरात टाइटंस इस समय प्लेऑफ में पहुंचने की सबसे मजबूत दावेदार टीम बनी हुई है। शुभमन गिल की कप्तानी वाली गुजरात के पास फिलहाल 98 प्रतिशत संभावना है। गुजरात का मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स से होना है और अगर टीम यह मैच जीत जाती है तो वह प्लेऑफ में जगह बनाने वाली पहली टीम बन सकती है। दूसरे स्थान पर मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम है। बेंगलुरु के भी गुजरात की तरह 16 अंक हैं और उसके प्लेऑफ में पहुंचने की संभावना 96.1 प्रतिशत बताई जा रही है। टीम लगातार शानदार प्रदर्शन कर रही है और लगभग अंतिम चार में अपनी जगह पक्की कर चुकी है। तीसरे नंबर पर सनराइजर्स हैदराबाद का नाम है। हैदराबाद की टीम फिलहाल 14 अंकों के साथ मजबूत स्थिति में है और उसके प्लेऑफ में पहुंचने के चांस 70.3 प्रतिशत हैं। चौथे स्थान की जंग सबसे ज्यादा दिलचस्प बनी हुई है, जहां राजस्थान रॉयल्स और पंजाब किंग्स के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिल रही है। आंकड़ों के अनुसार राजस्थान रॉयल्स के प्लेऑफ में पहुंचने की संभावना 51.6 प्रतिशत है, जबकि पंजाब किंग्स 48.8 प्रतिशत के साथ थोड़ा पीछे है। राजस्थान के बचे हुए मुकाबले दिल्ली कैपिटल्स, लखनऊ सुपर जायंट्स और मुंबई इंडियंस के खिलाफ हैं। इनमें से लखनऊ और मुंबई लगभग टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी हैं, जबकि दिल्ली की उम्मीदें भी बेहद कमजोर हैं। इसी कारण राजस्थान की राह अपेक्षाकृत आसान मानी जा रही है। दूसरी ओर पंजाब किंग्स को अपने शेष मुकाबले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ खेलने हैं। पंजाब अधिकतम 17 अंक तक पहुंच सकती है, जबकि राजस्थान 18 अंक हासिल कर सकती है। कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ बारिश से धुला मुकाबला पंजाब के लिए अब नुकसानदेह साबित होता दिख रहा है।

# टी20 विश्व कप से पहले महाकाल की शरण में पहुंची भारतीय महिला टीम

### हरमनप्रीत कौर समेत खिलाड़ियों ने लिया आशीर्वाद



उज्जैन। महिला टी20 विश्व कप 2026 की शुरुआत से पहले भारतीय महिला क्रिकेट टीम मध्य प्रदेश के उज्जैन स्थित महाकालेश्वर मंदिर पहुंची, जहां खिलाड़ियों ने भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया। टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर के नेतृत्व में खिलाड़ियों ने भस्म आरती में हिस्सा लिया और आगामी विश्व कप में शानदार प्रदर्शन की कामना की। भारतीय टीम की कई खिलाड़ी अपने परिवार के साथ मंदिर पहुंचीं और पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। भारतीय महिला टीम की विकेटकीपर बल्लेबाज यास्तिका भाटिया ने बताया कि महाकाल मंदिर में आने से उन्हें मानसिक शांति मिलती है। उन्होंने कहा कि वह पिछले महीने भी बाबा महाकाल के दर्शन के लिए आई थीं और भस्म आरती में शामिल होकर उन्हें काफी सुकून महसूस होता है।

यास्तिका के अनुसार विश्व कप जैसे बड़े टूर्नामेंट से पहले सभी खिलाड़ी भगवान महाकाल का आशीर्वाद लेना चाहती थीं, ताकि टीम का अभियान सफल और यादगार रहे।

भारतीय क्रिकेट टीम और महाकाल मंदिर का विशेष संबंध पहले भी देखने को मिला है। इससे पहले वनडे विश्व कप का खिताब जीतने के बाद भी भारतीय टीम ने उज्जैन पहुंचकर बाबा महाकाल के दर्शन किए थे। अब महिला टीम भी विश्व कप से पहले इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए मंदिर पहुंची। महिला टी20 विश्व कप 2026 का आगाज 12 जून से होने जा रहा है। भारतीय टीम अपना पहला मुकाबला 14 जून को पाकिस्तान के खिलाफ खेलेगी। इसके बाद टीम इंडिया 17 जून को नीदरलैंड का सामना करेगी। भारतीय टीम का तीसरा मुकाबला 21 जून को ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान पर दक्षिण अफ्रीका से होगा। वहीं 25 जून को भारत और बांग्लादेश के बीच मुकाबला खेला जाएगा। ग्रुप चरण के अपने अंतिम मैच में भारतीय टीम 28 जून को ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी।

# विराट कोहली का दर्द छलका, बोले- हर बार खुद को साबित क्यों करूं?

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली एक बार फिर अपने भावुक बयान को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में एक पॉडकास्ट बातचीत के दौरान उन्होंने अपने करियर, टेस्ट क्रिकेट से विदाई और टीम में अपनी भूमिका को लेकर खुलकर बात की। कोहली के शब्दों में भावनाएं भी थीं और नाराजगी भी। उनके बयान ने क्रिकेट जगत में नई बहस छेड़ दी है कि क्या भारतीय क्रिकेट अपने सबसे बड़े खिलाड़ियों को सही सम्मान और स्पष्टता दे पा रहा है। कोहली ने कहा कि जब कोई खिलाड़ी अपना घर, परिवार और निजी जिंदगी छोड़कर पूरी तरह क्रिकेट को समर्पित कर देता है, तो वह सिर्फ इतना चाहता है कि उस पर भरोसा किया जाए। उन्होंने इशारों में कहा कि बार-बार खुद को साबित करने की स्थिति किसी भी खिलाड़ी के लिए मुश्किल होती है। उनके बयान को टेस्ट क्रिकेट से उनके अचानक संन्यास से जोड़कर देखा जा रहा है।



क्रिकेट फैंस लंबे समय से इस बात को लेकर चर्चा कर रहे थे कि कोहली ने टेस्ट क्रिकेट को अलविदा क्यों कहा और क्या इसके पीछे चयनकर्ताओं या टीम प्रबंधन का दबाव था।

पॉडकास्ट में कोहली काफी भावुक नजर आए। आमतौर पर मैदान पर आक्रामक अंदाज में दिखने वाले विराट इस बार अंदर से आहत दिखाई दिए। उन्होंने कहा कि अगर किसी खिलाड़ी को हर बार अपनी अहमियत साबित करनी पड़े, तो वह स्थिति मानसिक रूप से बेहद थका देने वाली हो जाती है।

# सऊदी एथलेटिक्स ग्रैंड प्रिक्स में भारत का दमदार प्रदर्शन

### अनिमेष कुजूर और मोहम्मद अफसल ने जीते गोल्ड



रियाद। भारतीय एथलीटों ने रियाद में आयोजित सऊदी एथलेटिक्स ग्रैंड प्रिक्स 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी मजबूत मौजूदगी दर्ज कराई। भारतीय धावक मोहम्मद अफसल और युवा स्प्रिंटर अनिमेष कुजूर ने अपने-अपने मुकाबलों में स्वर्ण पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाया। प्रिंसेस नौराह बिंत अब्दुलरहमान यूनिवर्सिटी स्टेडियम में आयोजित इस प्रतियोगिता में कई देशों के एथलीटों ने हिस्सा लिया।

राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक मोहम्मद अफसल ने पुरुषों की 800 मीटर दौड़ में शानदार प्रदर्शन करते हुए 1 मिनट 48.24 सेकंड का समय निकाला और पहला स्थान हासिल किया। अफसल ने दक्षिण अफ्रीका के क्रिस्टोफर स्वार्ट को पीछे छोड़ा, जिन्होंने 1 मिनट 48.50 सेकंड में दौड़ पूरी की। वहीं बर्नर गौब्स 1 मिनट 48.75 सेकंड के साथ तीसरे स्थान पर रहे। अफसल इससे पहले पोलैंड में 1 मिनट 44.93 सेकंड का समय निकालकर राष्ट्रीय रिकॉर्ड बना चुके हैं। एशियाई खेलों में भी उन्होंने रजत पदक जीतकर अपनी प्रतिभा साबित की थी।

वहीं 22 वर्षीय अनिमेष कुजूर ने एक बार फिर भारत के सबसे तेज उभरते स्प्रिंटर के रूप में अपनी पहचान मजबूत की। उन्होंने पुरुषों की 200 मीटर दौड़ 20.77 सेकंड में पूरी कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। ग्रेट ब्रिटेन के डेविड हैरिसन 20.87 सेकंड के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि टोबी हैरिस ने 21.01 सेकंड का समय लेकर तीसरा स्थान हासिल किया। अनिमेष कुजूर ने 100 मीटर दौड़ में भी शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 10.44 सेकंड का समय निकाला और बेहद करीबी मुकाबले में दूसरे स्थान पर रहे। इस स्पर्धा में डेविड हैरिसन ने 10.42 सेकंड के समय के साथ पहला स्थान हासिल किया। भारत के पूर्व राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक गुरिंदरवीर सिंह ने भी 10.44 सेकंड का समय निकाला, लेकिन फोटो फिनिश में उन्हें तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा।अनिमेष कुजूर के नाम फिलहाल भारत में 100 मीटर और 200 मीटर दोनों स्पर्धाओं के राष्ट्रीय रिकॉर्ड दर्ज हैं।

# एस्टन विला ने लिवरपूल को 4-2 से हराकर चैंपियंस लीग में बनाई जगह

बर्मिंघम। एस्टन विला ने प्रीमियर लीग में शानदार प्रदर्शन करते हुए लिवरपूल को 4-2 से हराकर अगले सीजन के यूईएफए चैंपियंस लीग के लिए क्वालिफाई कर लिया। विला पार्क में खेले गए इस मुकाबले में एस्टन विला की ओर से ओली वॉटकिंस ने दो शानदार गोल दागे और टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। इस जीत के साथ उनाई एमरी की टीम 37 मैचों में 62 अंकों के साथ अंक तालिका में चौथे स्थान पर पहुंच गई। दूसरी ओर लिवरपूल 59 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर खिसक गया और अब उसे चैंपियंस लीग में जगह बनाने के लिए अंतिम मुकाबले में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। मुकाबले की शुरुआत में लिवरपूल ने गेंद पर नियंत्रण बनाए रखा और पहले हाफ में कई अच्छे मूव तैयार किए, लेकिन एस्टन विला ने धैर्य बनाए रखा। मैच के 42वें मिनट में मेजबान टीम को बढ़त मिली। लुकास डिग्ने ने पेनल्टी एरिया के बाईं ओर मौजूद मॉर्गन रोजर्स को शानदार पास दिया, जिसे रोजर्स ने आसानी से गोल में बदल दिया। इस गोल के साथ विला ने पहले हाफ का अंत बढ़त के साथ किया।दूसरे हाफ की शुरुआत में लिवरपूल ने जोरदार वापसी की। 52वें मिनट में डोमिनिक सोबोस्जलाई के फ्री-किक पर कप्तान वर्जिल वैन डाइक ने शानदार हेडर लगाकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। इसके बाद लिवरपूल ने दबाव बढ़ाया और युवा खिलाड़ी रियो न्गुमोहा का लंबी दूरी से लगाया गया जोरदार शॉट गोल पोस्ट से टकरा गया। अगर यह गेंद गोल में चली जाती तो मैच का रुख बदल सकता था। हालांकि लिवरपूल की एक गलती ने मैच को फिर से एस्टन विला की तरफ मोड़ दिया। डोमिनिक सोबोस्जलाई की चूक का फायदा उठाते हुए ओली वॉटकिंस ने शानदार गोल कर टीम को दोबारा बढ़त दिलाई। इसके बाद विला का आत्मविश्वास और बढ़ गया। एमिलियानो बुएंडिया का बेहतरीन कर्लिंग शॉट भी पोस्ट से टकराया, जिससे लिवरपूल की मुश्किलें लगातार बढ़ती रहीं।



# आईपीएल के बीच हार्दिक पांड्या की दूसरी शादी की चर्चा तेज

### महिका शर्मा संग रिश्ते को लेकर बढ़ी हलचल



नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के बीच भारतीय क्रिकेटर हार्दिक पांड्या एक बार फिर अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में आ गए हैं। सोशल मीडिया और मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि हार्दिक पांड्या जल्द ही दूसरी शादी कर सकते हैं। खबरों के अनुसार हार्दिक इन दिनों मॉडल और अभिनेत्री महिका शर्मा को डेट कर रहे हैं और दोनों को कई मौकों पर साथ देखा गया है।

वायरल पोस्ट्स में यह भी कहा जा रहा है कि दोनों 22 मई को एक निजी समारोह में शादी के बंधन में बंध सकते हैं। हालांकि अभी तक इस संबंध में हार्दिक पांड्या या महिका शर्मा की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। हार्दिक पांड्या ने पहली शादी अभिनेत्री नताशा स्टेनकोविक से 31 मई 2020 को लॉकडाउन के दौरान की थी। दोनों की शादी शुरुआत में काफी चर्चा में रही, लेकिन यह रिश्ता ज्यादा लंबा नहीं चल पाया। करीब चार साल बाद जुलाई 2024 में दोनों ने अलग होने का फैसला लिया। तलाक के बाद भी दोनों अपने बेटे अगस्त्य पांड्या की परवरिश मिलकर कर रहे हैं। हार्दिक और नताशा अक्सर बेटे के साथ तस्वीरें साझा करते रहते हैं।

तलाक के बाद हार्दिक पांड्या का नाम कई महिलाओं के साथ जोड़ा गया, लेकिन अब महिका शर्मा के साथ उनके रिश्ते की खबरें सबसे ज्यादा चर्चा में हैं। सोशल मीडिया पर दोनों को लेकर लगातार अटकलें लगाई जा रही हैं। दूसरी ओर हार्दिक पांड्या का आईपीएल 2026 में प्रदर्शन और कप्तानी भी सवालों के घेरे में है। वह इस सीजन मुंबई इंडियंस की कप्तानी कर रहे हैं, लेकिन टीम का प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा। लगातार दूसरे सीजन में मुंबई इंडियंस प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है। हार्दिक पिछले दो मुकाबलों में चोट के कारण मैदान पर नहीं उतर पाए थे, हालांकि उम्मीद जताई जा रही है कि वह कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मुकाबले में वापसी कर सकते हैं।

रिपोर्ट्स में यह भी दावा किया जा रहा है कि आईपीएल 2026 के बाद मुंबई इंडियंस टीम प्रबंधन बड़ा फैसला ले सकता है। माना जा रहा है कि हार्दिक से कप्तानी छीनी जा सकती है और टीम में उनकी जगह को लेकर भी चर्चा चल रही है।

मुंबई इंडियंस को इस सीजन अभी दो मुकाबले और खेलने हैं, जिनमें कोलकाता नाइट राइडर्स और राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच शामिल हैं।

# बुमराह की कप्तानी में मुंबई इंडियंस की बदली तस्वीर : कृष्णमाचारी श्रीकांत

### टीम ज्यादा एकजुट दिखी

नई दिल्ली। आईपीएल 2026 में प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी मुंबई इंडियंस को लेकर पूर्व भारतीय क्रिकेटर कृष्णमाचारी श्रीकांत ने बड़ा बयान दिया है। श्रीकांत का कहना है कि जसप्रीत बुमराह की कप्तानी में टीम का माहौल और प्रदर्शन दोनों बदले हुए नजर आए और खिलाड़ी ज्यादा एकजुट दिखाई दिए। इस सीजन मुंबई इंडियंस का प्रदर्शन निराशाजनक रहा था। टीम की कप्तानी कभी हार्दिक पांड्या तो कभी सूर्यकुमार यादव के हाथों में रही, लेकिन लगातार अस्थिरता के कारण टीम लय नहीं पकड़ सकी। हालांकि पंजाब किंग्स के खिलाफ जब टीम की कमान जसप्रीत बुमराह ने संभाली, तो टीम का रवैया पूरी तरह अलग नजर आया। 1983 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य श्रीकांत ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा कि बुमराह को कप्तानी देना एक सही फैसला साबित हुआ। उनके अनुसार मैच के दौरान खिलाड़ियों का मूड हल्का था और टीम में नई ऊर्जा दिखी। उन्होंने कहा कि भले ही सूर्यकुमार यादव उस मुकाबले में निजी कारणों से नहीं खेले, लेकिन मैदान पर उतरी टीम पहले से ज्यादा संतुलित और आत्मविश्वासी नजर आई।



श्रीकांत ने युवा खिलाड़ियों के प्रदर्शन की भी तारीफ की। उन्होंने दीपक चाहर, राज अंगद बावा, तिलक वर्मा और रयान रिकेल्टन के योगदान को अहम बताया। खासतौर पर रयान रिकेल्टन की आक्रामक शुरुआत और तिलक वर्मा की जिम्मेदार बल्लेबाजी ने टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। उन्होंने यह भी कहा कि बुमराह कप्तानी करते समय बेहद शांत और मुस्कुराते हुए नजर आए, जिसका सकारात्मक असर गेंदबाजों पर पड़ा। उनके अनुसार बुमराह ने गेंदबाजों को आत्मविश्वास दिया, जिससे दीपक चाहर और शार्दुल ठाकुर जैसे गेंदबाज ज्यादा अनुशासित नजर आए और रन लुटाने से बचे।

# फातिमा सना ने रचा इतिहास, 15 गेंदों में जड़ी सबसे तेज टी20 अंतरराष्ट्रीय फिफ्टी




नई दिल्ली। पाकिस्तान महिला क्रिकेट टीम की कप्तान फातिमा सना ने जिम्बाब्वे के खिलाफ विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुए महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में नया विश्व रिकॉर्ड बना दिया। तीन मैचों की टी20 सीरीज के आखिरी मुकाबले में फातिमा सना ने मात्र 15 गेंदों में अर्धशतक पूरा कर इतिहास रच दिया। उनकी तूफानी पारी की बदौलत पाकिस्तान ने जिम्बाब्वे को 133 रनों से हराकर सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप कर लिया। इससे पहले पाकिस्तान ने वनडे सीरीज में भी जिम्बाब्वे को 3-0 से हराया था। पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान ने 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 223 रन का विशाल स्कोर बनाया। कप्तान फातिमा सना ने अंतिम ओवरों में आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए केवल 19 गेंदों में नाबाद 62 रन बनाए। उनकी इस शानदार पारी में 10 चौके और 2 छक्के शामिल रहे। उन्होंने मैदान के हर कोने में आकर्षक शॉट लगाए और जिम्बाब्वे की गेंदबाजी को पूरी तरह दबाव में ला दिया।

224 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जिम्बाब्वे की टीम शुरुआत से ही संघर्ष करती नजर आई और पूरी टीम 90 रन पर सिमट गई। पाकिस्तान ने यह मुकाबला एकतरफा अंदाज में जीतकर सीरीज पर कब्जा जमा लिया। फातिमा सना से पहले महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे तेज अर्धशतक का रिकॉर्ड न्यूजीलैंड की सोफी डिवाइन, ऑस्ट्रेलिया की फोबे लिचफील्ड और भारत की ऋचा घोष के नाम था। इन तीनों बल्लेबाजों ने 18 गेंदों में फिफ्टी बनाई थी। लेकिन फातिमा ने 15 गेंदों में यह उपलब्धि हासिल कर नया कीर्तिमान स्थापित कर दिया। फातिमा सना अब महिला टी20 क्रिकेट के सभी प्रारूपों में संयुक्त रूप से सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाली बल्लेबाज भी बन गई हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड मैरी केली और लॉरा हैरिस के नाम दर्ज था। पाकिस्तान के लिए सबसे तेज टी20 अंतरराष्ट्रीय फिफ्टी का पुराना रिकॉर्ड निदा डार के नाम था, जिन्होंने 2019 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 20 गेंदों में अर्धशतक बनाया था।

नाम सुधार/ परिवर्तन

मैं सुखनन्दन प्रसाद पटेल (SUKHNAN-DAN, PRASAD PATEL) पुत्र महादेव पटेल, जन्म दिवस 01/01/1950 निवासी ग्राम इटहा, पो0 अमिलिया रीवा, म0 प्र0 ने अपना नाम बदलकर भविष्य में सुखनन्दन पटेल (SUKHNANDAN PATEL) पुत्र महादेव पटेल जन्म दिवस 01/07/1951 कर लिया है। कृपया भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।

सुखनन्दन पटेल
SUKHNANDAN PATEL
ग्राम-इटहा पो0 अमिलिया जिला रीवा म0प्र0

नाम सुधार/ परिवर्तन

में, अमृता मिश्रा (AMRITA MISHRA) पत्नी विनायक प्रसाद मिश्रा निवासी ग्राम अमबा, पो. बांस जिला रीवा म0प्र0 ने अपना नाम बदल कर भविष्य में अमिरती देवी (AMIRATI DEVI) पत्नी विनायक प्रसाद मिश्रा जन्म दिवस 01/07/1946 कर लिया है। कृपया भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।

अमिरती देवी (AMIRATI DEVI)
पत्नी विनायक प्रसाद मिश्रा (BINAEK PRASAD MISHRA)
ग्राम अमबा पो. बांस जिला रीवा म0प्र0.